गुरुवार
12 अक्टूबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



नीतीश से बड़ा राजनीतिक डरपोक कोई नहीं: सम्राट चौधरी 2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

### एनआईए ने 20 अलग-अलग स्थानों पर ली तलाशी

# पीएफआई के खिलाफ छह राज्यों में छापेमारी

- दिल्ली, उप्र, मप्र, राजस्थान, महाराष्ट्र, तमिलनाडु में छापा
- तलाशी के दौरान एनआईए टीम के हाथ लगे कई आपत्तिजनक दस्तावेज

**एजेंसी/नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बिहार के फुलवारीशरीफ आतंकी साजिश से जुड़े एक मामले में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ व्यापक कार्रवाई करते हुए बुधवार को छह राज्यों में 20 अलग-अलग स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया। बिहार के फुलवारी शरीफ आतंकी मामले की जांच एजेंसी पिछले एक साल से कर रही है। दिल्ली के फाजलपुर, शाहीन बाग, ओखला और चांदनी चौक सहित विभिन्न क्षेत्रों में परिसरों पर छापे मारे गए। मध्य प्रदेश में भोपाल जिला; महाराष्ट्र में ठाणे और मुंबई; राजस्थान में टोंक और गंगापुर सिटी जिले; और उत्तर प्रदेश में लखनऊ, सिद्धार्थ नगर, संत रविदास नगर, कानपुर और गोरखपुर के क्षेत्रों में। इसके अतिरिक्त, तमिलनाडु के मदुरै में तलाशी ली गई।

**तलाशी के दौरान कई महत्वपूर्ण सबूत मिले:** ये ऑपरेशन पीएफआई से जुड़े मामलों और गैरकानूनी और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में उनकी भागीदारी की चल रही जांच का हिस्सा थे। एनआईए ने कहा कि तलाशी के दौरान, चल रहे मामले में महत्वपूर्ण सबूतों का पर्याप्त जखीरा मिला, इस सबूत में लैपटॉप, मोबाइल फोन, सिम कार्ड, मेमोरी कार्ड, पेन ड्राइव और हार्ड डिस्क जैसे विभिन्न डिजिटल उपकरण शामिल हैं। एनआईए ने यह भी कहा, इसके अलावा, अभियान के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, एजेंसी ने आगे कहा, इस मामले के संबंध में 8.5 लाख रुपये के अंकित मूल्य के साथ भारतीय मुद्रा की एक महत्वपूर्ण मात्रा जब्त की गई है। बताया जा रहा है कि इस मामले में कुछ लोगों को गिरफतार भी किया गया है। पीएफआई को पिछले साल आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के चलते बैन कर दिया गया था।




### मुंबई ट्रेन धमाकों के आरोपी के घर भी दबिश

मुंबई के विक्रोली इलाके में बुधवार सुबह एनआईए की टीम अब्दुल वाहिद शेख के घर पहुंची लेकिन उन्होंने दरवाजा खोलने से मना कर दिया। अब्दुल वाहिद ने छापा मारने आए लोगों से पहले उनकी पहचान और नोटिस दिखाने को कहा। इसके बाद 11 बजे के बाद जब एनआईए की टीम ने सर्च वारंट मंगाकर दिखाया तो उन्होंने दरवाजा खोला और उनके घर पर सर्च हुई। अब्दुल वाहिद शेख 7/11 मुंबई ट्रेन धमाकों के मामलों में आरोपी था लेकिन बाद में अदालत ने उसे बरी कर दिया था।

### पटना में देश विरोधी साजिश का हुआ था भंडाफोड़

जुलाई महीने में बिहार के पटना के फुलवारी शरीफ में एनआईए ने देश विरोधी साजिश का भंडाफोड़ किया था। एनआईए ने आधा दर्जन से अधिक कट्टरपंथियों को गिरफ्तार किया था। तब यहां पर देश विरोधी साजिश के मामले में कुल 26 आरोपियों की पहचान हुई थी। पकड़े गए एक आरोपी की पहचान गांधी मैदान ब्लास्ट से जुड़े थे। यहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा होने वाली थी। ये सभी 26 आरोपी भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाने की कार्ययोजना पर भी काम कर रहे थे। इनके पास से कई आपत्तिजनक दस्तावेज मिले थे।

# बड़ा हादसा: बक्सर के रघुनाथपुर में डिरेल हुई नार्थ-ईस्ट एक्सप्रेस, 4 की मौत व 63 जख्मी

- दो बोगी पलटी और इंजन समेत 12 बोगियां हुई बेपटरी
- बक्सर, भोजपुर व पटना के अस्पतालों में जख्मी यात्री इलाजरत
- मौके पर पहुंचे पुलिस, प्रशासन व रेलवे के वरीय अधिकारी
- बचाव कार्य में लगे रहे ग्रामीण, पुलिस जवान व आरएसएस के सदस्य
- हादसे से अप और डाउन लाइन में परिचालन बाधित



**केटी न्यूज/बक्सर**

पंडित दिनदयाल उपध्याय व दानापुर रेलखंड में बक्सर जिला अंतर्गत रघुनाथपुर स्टेशन के समीप बुधवार की रात 9:35 मिनट पर डाउन लाइन पर नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रसत हो गई। हादसे में इंजन समेत 12 बोगियां डिरेल हुई हैं और दो बोगी पलट गई। जिला प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार हादसे में कुल चार लोगों की मौत हुई है। वहीं, 63 लोग जख्मी हुए हैं। जिनका इलाज बक्सर, भोजपुर और पटना के अस्पतालों में चल रहा है। हादसे से रघुनाथपुर में अफरातफरी का माहौल बन गया। हादसे के बाद स्थानीय पुलिस और ग्रामीणों की मदद से ट्रेन की सभी बोगियों के सभी यात्रियों को बाहर निकालने का काम शुरू हुआ।

घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने सभी विभागों को अलर्ट कर दिया। साथ ही, प्रशासन, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग सक्रिय होकर गया और व्यापक स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ।

- हादसे में जख्मी 23 लोगों को बेहतर इलाज के लिए किया गया रेफर

जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर रघुनाथपुर सीएचसी में जिले के सभी सरकारी अस्पातलों के एंबुलेंस मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए विभिन्न अस्पातलों में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हादसे में जख्मी 63 लोगों में से 23 लोगों को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। हालांकि, यह आंकड़ा गुरुवार को ही स्पष्ट हो पाएगा कि कितने लोग जख्मी हुए हैं। वहीं, जिलाधिकरी की पहल पर भोजपुर जिले के सदर अस्पताल समेत शाहपुर और जगदीशपुर अस्पताल में भी स्वास्थ्य कर्मियों को अल्र्ट किया गया था। वहीं, भोजपुर जिले और विक्रमगंज से भी एंबुलेंस गाड़ियां आ गई।

**पूरी रात जारी रही मॉनिट्रिंग :** रेसक्यू ऑपरेशन के बाद जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी मॉनिट्रिंग में लगे रहें। आसपास के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों से हादसे में जख्मी लोगों की जानकारी जुटाई जा रही थी।

**मौके पर पहुंचे विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि :** घटना की सूचना मिलने पर डुमरांव विधायक डॉ. अजीत कुशवाहा समेत कई जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। वहीं, दानापुर रेलवे के जीएम की पहल पर ट्रेन के यात्रियों के लिए दूसरी ट्रेन मंगाई गई। जिससे आगे जाने वाले यात्रियों को दानापुर तक ले जाया गया।

### चालक के अचानक ब्रेक लगाने से हुई दुर्घटना

मामले में डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज ने बताया कि शुरुआती जानकारी के अनुसार उक्त घटना चालक के अचानक ब्रेक लगाने के कारण हुई। उन्होंने बताया कि थ्रू डाउन लाइन पर ट्रेन की गति 100 किलोमीटर की रफ्तार से भी अधिक थी। रघुनाथपुर स्टेशन के पश्चिमी फाटक से पहले चालक ने आचने ब्रेक लगा दी। जिससे ट्रेन का इंजन बेपटरी हुआ और उसके बाद सभी बोगियां डिरेल हो गईं। हालांकि, रेलवे के अधिकारियों की रिपोर्ट से सारा मामला साफ हो पाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रेन से सभी शवों को बाहर निकाला जा चुका है। जिसके बाद रेलवे, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम के संयुक्त अभियान से पटरियों को खाली किया जाएगा। उसके बाद ही परिचालन शुरू किया जा सकेगा।



### बचाव कार्य में ग्रामीणों की रही महत्वपूर्ण भूमिका

हादसे के बाद बचाव कार्य में स्थानीय लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बच्चे, जवान और बुजुर्ग सभी डिरेल बोगियों से यात्रियों को निकालने में जुट गए। वहीं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी जख्मी लोगों को अस्पताल पहुंचाने और यात्रियों को सकुशल बाहर निकालने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बताया जा रहा है कि कई बोगियों से ग्रामीणों ने शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला।

### रेलवे ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

दुर्घटना के बाद भारतीय रेलवे ने अपने एक्स प्लेटफॉर्म (पूर्व में **ट्विटर**) के माध्यम से हेल्पलाइन नंबर जारी किया। जिस पर ट्रेन में यात्रा कर रहे लोग के परिजन जानकारी जुटा सके। इसके लिए पटना में - 9771449971, दानापुर- 8905697493, आरा में 8306182542 व कॉम. सीएनएल- 7759070004 नंबर जारी किया गया।

# युवाओं के लिए भारत सरकार 31 को लांच करेगी माई भारत प्लेटफॉर्म

**एजेंसी/नई दिल्ली**

मोदी कैबिनेट ने युवाओं के लिए मेरा युवा भारत संस्था बनाने का फैसला किया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि देश में 15 से 19 साल के बीच लगभग 40 करोड़ युवा हैं। इन युवाओं के लिए MyBharat नामक संस्था बनाने का निर्णय लिया है। भारत का युवा अपनी जिम्मेदारी को समझता है। पंच प्राण में पीएम कर्तव्य बोध की बात भी करते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता इन सब क्षेत्र में योगदान अगर किसी को देना होगा तो ये प्लेटफॉर्म का बड़ा सहारा होगा। पीएम की इच्छा है कि देश के करोड़ों युवा इससे जुड़ें और अपना योगदान दें। 31 अक्टूबर को इसे राष्ट्र के लिए समर्पित किया जाएगा। यानी सरदार पटेल की जयंती के दिन इस प्लेटफॉर्म की शुरूआत होगी।

ठाकुर ने कहा कि यह युवाओं को अवसर ढूढ़ने का यह एक बड़ा जरिया होगा। युवा एक्सपीरिएंशियल लर्निंग के लिए इस प्लेटफॉर्म पर जुड़ सकता है। युवाओं के लिए इनोवेट करना और अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए योगदान देना महत्वपूर्ण है। यह प्लेटफॉर्म उन्हें जागरूक होने और सरकारी स्कीम्स में हिस्सा लेने का मौका देगा। उन्होंने कहा, यह काम करने के लिए पैसे देने के बारे में नहीं है, यह उन युवाओं के लिए एक अवसर है जो समाज में योगदान देना चाहते हैं।

# भारत सरकार ने इजरायल और फिलस्तीन में रह रहे भारतीयों के लिए जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**एजेंसी/नई दिल्ली**

इजरायल पर फलस्तीन के चरमपंथी संगठन हमास के रॉकटे हमले और घुसपैठ के बाद से शुरू हुई जंग पांचवें दिन भी जारी है। इस लड़ाई ने इजरायल और फलस्तीन में रह रहे लोगों को चिंता में डाल दिया है। इस बीच भारत सरकार ने भी दोनों देशों में रह रहे भारतीय लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। साथ ही कहा है कि सतर्क रहें। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा, इजरायल और फलस्तीन में मौजूदा स्थिति को देखते हुए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो कि 24 घंटे चालू रहेगा।


### इजरायल के लिए ये नंबर किया जारी

इजरायल के शहर तेल अवीव में स्थित भारतीय दूतावास का इमरजेंसी नंबर +972-35226748 और +972- 543278392 है। इसका ईमेल const.telaviv@mea.gov.in है।

### फलस्तीन के लिए हुआ ये नंबर जारी

फलस्तीन में स्थित भारत के प्रतिनिधि कार्यालय ने बुधवार को कहा कि सुरक्षा कारणों को देखते हुए भारतीयों लोगों के लिए आपातकालीन नंबर जारी किया है. रिप्रेजेंटेटिव ऑफिस ऑफ इंडिया ने बताया कि ये इमरजेंसी नंबर 24 घंटे चालू रहेगा. ये नंबर+970 -592916418 है। व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध है। प्रतिनिधि कार्यालय ने कहा, सुरक्षा कारणों को देखते हुए भारतीय हमसे डायरेक्ट संपर्क कर सकते है।

बागची ने आगे कहा कि ये आपातकालीन नंबर 1800118797, +91-11 23012113, +91-11-23014104, +91-11-23017905 और +919968291988 है। ईमेलः Situnationroom@mea.gov.in पर भी भारतीय लोग आपात स्थिति में मदद मांग सकते हैं।




### पॉवर फॉर ऑल योजना: उप्र में19 हजार से अधिक गांवों को खुले तारों से मिली मुक्ति

# योगी सरकार ने दिए 1.58 करोड़ नये विद्युत कनेक्शन

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

24 करोड़ की विशाल आबादी वाले उत्तर प्रदेश में विद्युत उत्पादन और वितरण को कभी एक बड़ी समस्या के रूप में देखा जाता था, मगर योगी सरकार ने ना सिर्फ बिजली के उत्पादन पर बल दिया, बल्कि इसके वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए बड़ी संख्या में नये कनेक्शन भी दिये हैं। पॉवर फॉर ऑल योजना अंतर्गत प्रदेश में 1.58 करोड़ नये कनेक्शन अबतक दिये जा चुके हैं। वहीं 1.21 लाख मजरों का विद्युतिकरण भी अपने आप में बड़ी सफलता है। यही नहीं सौभाग्य योजना के अंतर्गत प्रदेश में अबतक 62.18 लाख विद्युत कनेक्शन के साथ उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।

**सौर ऊर्जा पर विशेष फोकस:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष जोर सौर ऊर्जा के जरिए प्रदेश में बिजली की जरूरतों को पूरा करने पर है। इसके लिए अयोध्या को जहां



पहली सोलर सिटी के मॉडल के तौर पर विकसित किया जा रहा है, तो वहीं बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को 'सोलर एक्सप्रेस वे' के रूप में डेवलप करने की कार्रवाई भी तेज गति से आगे बढ़ रही है। इसके अलावा प्रदेश के 10 जिलों के 250 दुर्गम गांवों को भी सौर ऊर्जा के जरिये रोशन करने का कार्य हुआ है। इसी प्रकार सौभाग्य योजना के तहत अबतक प्रदेश में 53,354 सोलर पॉवर पैक संयंत्र स्थापित किये जा चुके हैं। वहीं सोलर पार्क योजना के तहत प्रदेश में 365 मेगावॉट क्षमता के सोलर पार्क को विकसित किया जा रहा है। इसी प्रकार सार्वजनिक स्ट्रीट लाइट के लिए अबतक 21 हजार से अधिक स्थानों पर सोलर लाइट संयंत्रों को स्थापित करने का कार्य भी पूरा कर लिया गया है।

### चार साल से नहीं बढ़ीं बिजली की दरें, व्यवस्था हुई और सुदृढ़

बता दें कि प्रदेश के 3.32 करोड़ से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को भरपूर बिजली प्रदान करने के लिए प्रदेश में बिजली उत्पादन की क्षमता को बढ़ाकर 30462 मेगावाट तक पहुंचा दिया गया है। वहीं बिजली चोरी को रोकने में योगी सरकार ने बड़े पैमाने पर अनमीटर्ड उपभोक्ताओं के परिसरों में मीटर इंस्टॉल करने का काम भी तेजी से किया है। प्रदेश में अबतक 8 लाख से अधिक अनमीटर्ड परिसरों को मीटर से कवर किया जा चुका है। विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए भी योगी सरकार तत्पर है। संभव पोर्टल के जरिए 3 लाख 61 हजार से ज्यादा शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। यही नहीं सरकार ने बिजली विभाग में सिटिजन चार्टर को लागू किया है, जिसके बाद अगर शिकायतों का तय समय में निस्तारण नहीं हुआ तो उपभोक्ता को हजार्ना देने का प्रावधान है। विद्युत वितरण को और गतिशील बनाने के लिए योगी सरकार ने जहां तकरीबन 16 लाख नये ट्रांसफॉर्मर को इंस्टॉल किया है, वहीं खराब ट्रांसफॉर्मरों को भी 24 घंटे के भीतर बदलने के निर्देश सीधे मुख्यमंत्री की ओर से हैं। इसके अलावा लाइन लॉस को कम करने पर भी सरकार का विशेष फोकस है। प्रदेश में लाइन लॉस को 22 प्रतिशत से घटाकर 17 प्रतिशत पर लाया जा चुका है। योगी सरकार तेजी से नये विद्युत उपकेंद्रों को भी स्थापित कर रही है तो वहीं पुराने उपकेंद्रों की क्षमता भी बढ़ाई जा रही है। 33/11 केवी के 738 नये उपकेंद्र स्थापित किये गये हैं तो वहीं 1482 उपकेंद्रों की क्षमता को बढ़ाने का कार्य पूरा हो चुका है। इन सबके बावजूद लगातार चार साल से बिजली की दरों में कोई बढ़ोतरी ना होना सबसे बड़ी उपलब्धि है।

## जदयू के पूर्व एमएलसी रणवीर नंदन भाजपा में शामिल, बोले- ललन सिंह के चलते छोड़ी पार्टी

# नीतीश से बड़ा राजनीतिक डरपोक कोई नहीं: सम्राट

# सम्राट के बाप को सबसे ज्यादा इज्जत दिया: नीतीश

- स्वागत कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने फिर बोला नीतीश-लालू पर हमला
- सम्राट चौधरी के जुबानी हमले पर बिफरे सीएम नीतीश, बोले- वह अंड बंड बोलते रहता है



**केटी न्यूज/पटना**

जनता दल यूनाइटेड के पूर्व एमएलसी रणवीर नंदन ने भाजपा का दामन थाम लिया है। पटना के गांधी मैदान के पास स्थित बापू सभागार में आयोजित बीजेपी मिलन समारोह कार्यक्रम में वे पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, सांसद रविशंकर प्रसाद, बीजेपी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा सहित भाजपा के तमाम नेता मौजूद थे। सबकी उपस्थिति में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेहद करीबी रहे जदयू के पूर्व एमएलसी रणवीर नंदन बीजेपी में शामिल हो गये। बीजेपी नेताओं ने इस दौरान रणवीर नंदन का स्वागत किया। वहीं जेडीयू से भाजपा में आने की वजह रणवीर नंदन ने बतायी कहा कि जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के चलते ही हमने इस्तीफा दिया और आज बीजेपी में शामिल हो गये हैं। बीजेपी में आने से रणवीर नंदन काफी खुश हैं। उनका कहना है कि भाजपा जनता के हित में काम करती है अपने हित में काम नहीं करती जो पार्टी इस तरह के सिद्धांत को लेकर काम करती है वही रियल पार्टी है। क्षेत्रवाद जातिवाद साम्प्रदायिवाद यहां नहीं है।

प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। सम्राट चोधरी ने दोनों नेताओं का स्वागत किया। वहीं मीडिया से बातचीत करते हुए सम्राट चौधरी ने फिर से सीएम नीतीश कुमार और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधा। सम्राट चौधरी ने कहा कि जितनी गाली देनी है, देते रहें। सम्राट चौधरी न झुकने वाला है और न ही टूटने वाला है। मैं जानता हूं नीतीश कुमार से बड़ा राजनीतिक डरपोक कोई नहीं हो सकता है। मैं लालू प्रसाद को भी पहचान रहा हूं। एकदम स्पष्ट रहिए कि बिहार में किसी भी कीमत पर नीतीश कुमार और लालू प्रसाद की सरकार नहीं बनेगी। नीतीश कुमार को लालू प्रसाद जी ने लाठी से पिटवाने का काम किया था। अब यह दोनों बैठकर सत्ता चला रहे हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि मेरे पिताजी तीन तीन युद्ध देश के लिए लड़ कर आए थे। मैं चोर का बेटा नहीं हूं। जो चोर के बेटा हैं वह जानें।

### नीतीश बोले- सम्राट को मंत्री विधायक हमने बनाया

जातीय गणना के आंकेड़े को लेकर महागठबंधन सरकार पर लगातार हमला बोल रहे भारतीय जनता पार्टी और उनके प्रदेश अध्यक्ष पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पलटवार किया है। आंकड़ों में गड़बड़ी का आरोप लगा कर सम्राट चौधरी द्वारा दिए गए यादव की संख्या बढ़ाने के सवाल पर सीएम नीतीश कुमार बिफर गए। उन्होंने कहा कि इस बात कोई मतलब है। सम्राट चौधरी को कोई सेंस नहीं। सम्राट चौधरी के बाप को सबसे ज्यादा इज्जत हमने दिया। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि सम्राट की उम्र कम थी फिर भी उसको हमने विधायक और मंत्री बना दिए। लालू यादव ने भी उसे (सम्राट चौधरी) मंत्री बनाया। वह रोज पार्टी बदलता है। उसके बात का कोई मतलब है।

## मिल्लिया एजुकेशन ट्रस्ट के ठिकानों पर आईटी का छापा

### राजद कोटे से राज्यसभा सांसद हैं अहमद अशफाक



- आईटी टीम ने दस्तावेजों को खंगाला के साथ ही लोगों से पूछताछ भी की

**केटी न्यूज/पटना**

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राज्यसभा सांसद अहमद अशफाक करीम और कांग्रेस से विधान परिषद् प्रत्याशी रह चुके असद इमाम के ठिकानों पर इनकम टैक्स की टीम ने छापेमारी की। बुधवार सुबह आईटी की टीम पटना में अशफाक करीम अल-करीम एजुकेशनल ट्रस्ट, कटिहार में अल-करीम यूनिवर्सिटी, कटिहार मेडिकल कॉलेज में और मिल्लिया एजुकेशन ट्रस्ट के संस्थापक असद इमाम और सदस्यों के मुजफ्फरपुर, सीवान, पूर्णिया और किशनगंज स्थित ठिकानों पर पहुंची। आईटी की टीम ने दस्तावेजों को खंगाला। साथ ही इन लोगों से पूछताछ भी की। टीम के साथ पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात था।

मिली जानकारी के अनुसार, मिल्लिया एजुकेशन ट्रस्ट के संस्थापक असद इमाम के घर बड़ी संख्या में फोर्स के साथ आईटी के अधिकारी पहुंचे हैं। हालांकि कोई भी अधिकारी कुछ कहने से फिलहाल कतराते नजर आ रहे हैं। इसके साथ साथ मिल्लिया एडुकेशन ट्रस्ट के सदस्य कैसर ईमाम, गुलाम हुसैन तथा महमूद के घर आईटी की रेड चल रही है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो इस दौरान ट्रस्ट के सदस्य महमूद को संस्थापक असद इमाम के घर लेकर अधिकारी गए हैं।

**करीम के स्वामित्व वाले कॉलेजों द्वारा टैक्स की चोरी का आरोप:** करीम वर्तमान में राजद कोटे से राज्यसभा सदस्य हैं। इससे पहले अहमद अशफाक करीम पर नौकरी के बदले जमीन घोटाले की जांच के सिलसिले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने छापा मारा था। आरोप है कि आयकर विभाग के पास करीम के स्वामित्व वाले कॉलेजों द्वारा टैक्स की चोरी की जा रही है। इसके अलावा आईटी अधिकारियों के पास कॉलेज द्वारा मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के बदले कथित तौर पर नकद में लिए गए दान के बारे में भी जानकारी मिली है।

**पूर्णिया से विधान परिषद चुनाव भी लड़ चुके हैं:** बता दें कि मिल्लिया एजुकेशन ट्रस्ट पूर्णिया सहित सीमांचल में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा नाम है। मिल्लिया एडुकेशन ट्रस्ट के अंतर्गत पूर्णिया मिल्लिया कान्वेंट स्कूल, मिल्लिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मिल्लिया पॉलिटेक्निक, मिल्लिया हाई स्कूल तथा किशनगंज में मिल्लिया इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित है। जहां हजारों की संख्या में छात्र छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। मिल्लिया के संस्थापक असद इमाम की शिक्षाविद् के तौर पर जो पहचान है। उससे इतर सियासी तौर पर भी नामचीन चेहरा हैं। असद इमाम पूर्णिया से विधान परिषद चुनाव भी लड़ चुके हैं।

## रेप और धमकी देने के मामले में शाहनवाज हुसैन की बढ़ी मुश्किलें

**केटी न्यूज/पटना**

दिल्ली की एक अदालत ने बलात्कार और आपराधिक धमकी दिए जाने का आरोप लगाने वाली महिला की शिकायत पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता सैयद शाहनवाज हुसैन को तलब किया। अदालत ने कथित अपराध का संज्ञान लिया और पूर्व केंद्रीय मंत्री को 20 अक्टूबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने कहा, अदालत ने एफआईआर रद्द करने की रिपोर्ट, शिकायतकर्ता की दायर विरोध याचिका, जांच अधिकारी की विरोध याचिका पर दाखिल जवाब और रिकॉर्ड पर रखी गई अन्य सामग्री पर गौर करने के बाद यह पाया है कि शिकायतकर्ता ने पुलिस, अदालत, मजिस्ट्रेट के सामने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत एक समान बयान दिए हैं।

पुलिस ने अदालत में रिपोर्ट दाखिल कर प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध किया था। न्यायाधीश ने पुलिस रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा, रद्द करने की रिपोर्ट दाखिल करते समय जांच अधिकारी ने मुद्दे उठाए हैं ...यह ऐसे मामले हैं जिन पर सुनवाई के दौरान निर्णय लिया जा सकता है। न्यायाधीश ने कहा, इसके अलावा इस अदालत का मानना है कि शिकायतकर्ता के बयान और उसकी विश्वसनीयता का परीक्षण केवल मुकदमे के दौरान ही किया जा सकता है जब आरोपी की उससे जिरह की जाती है।

## 4 लाख नियोजित शिक्षकों को मिलेगा राज्यकर्मी का दर्जा

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में 4 लाख नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा मिलने का रास्ता साफ हो गया है। आज बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली 2023 का प्रारूप जारी कर दिया गया है। अब नियोजित शिक्षकों को भी बीपीएससी से बहाल होने वाले शिक्षकों की तरह ही सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस नियमावली के अनुसार राज्य सरकार अब नियोजित शिक्षकों के लिए चयनित एजेंसी के माध्यम से परीक्षा लेगी। इस परीक्षा को पास करने के लिए नियोजित शिक्षकों को तीन अवसर दिए जाएंगे, यदि तीनों अवसर में ये शिक्षक परीक्षा पास करने में असफल रहे तो उन्हें सेवा से हटा दिया जाएगा।



शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर नियमावली का प्रारूप अपलोड कर दिया गया है। प्रारूप पर सुझान देने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। सुझाव माध्यमिक शिक्षा निदेशक के ई-मेल directorse.edu@gmail.com पर मांगा गया है। विभाग ने कहा है कि स्थानीय निकायों द्वारा नियुक्त शिक्षकों को बिहार राज्य विद्यालय शिक्षक नियमावली, 2023 के तहत नियुक्त किये गये शिक्षकों के बराबर लाने के लिए यह नियमावली बनाई गई है।

**अब विशिष्ट शिक्षक कहलाएंगे:** नियोजित शिक्षक अब विशिष्ट शिक्षक कहलाएंगे। इसके लिए सरकार चयनित एजेंसी के माध्यम से परीक्षा लेगी, जिसमें इनको तीन मौके दिए जाएंगे। अगर कोई भी तीसरे मौके में भी फेल हो जाता है तो उसे सेवा से हटा दिया जाएगा। जारी की गई नियमावली के मुताबिक अगर जब कोई विशिष्ट शिक्षक रिटार हो जाता है या रिजाइन देता है या बर्खास्त होता है, तो इस ,रिक्ति पर स्थानीय निकाय द्वारा नियक्ति नहीं की जाएगी।

### शिक्षकों का ये होगा वेतन

- क्लास 1 से 5 तक के विशिष्ट शिक्षक (मध्य विद्यालयों के शारीरिक शिक्षक सहित)- 25,000 रुपये।
- क्लास 6 से 8 तक के विशिष्ट शिक्षक- 28,000 रुपये।
- क्लास 9 से 10 तक के विशिष्ट शिक्षक (मध्यमिक विद्यालयों के शारीरिक शिक्षक और पुस्तकालयाध्यक्ष सहित)- 31,000 रुपये।
- क्लास 11 से 12 तक के विशिष्ट शिक्षक- 32,000 रुपये।




# टीबी के लक्षणों की पहचान व जांच में देरी पड़ सकती है भारी : सिविल सर्जन

- शुरूआती दौर में टीबी के पहचान से जल्द ठीक हो सकते हैं मरीज
- दवाओं का करना होगा पूरा कोर्स, पौष्टिक भोजन जरूरी

**केटी न्यूज/बक्सर**




जिले में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत व टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम पहल की बदौलत राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को गति मिली है। लेकिन, इनका कार्यक्रमों का पूरा लाभ लोगों को तभी मिल सकता है, जब वो टीबी को लेकर सचेत और जागरूक हों। जिले में अभी भी कई ऐसे लोग हैं, जो जानकारी के अभाव में समय पर जांच व इलाज शुरू नहीं करा पाते हैं। ऐसे लोग टीबी की पहचान शुरूआती स्तर पर हो जाए और मरीज विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेकर उपचार कराए तो यह बीमारी पूरी तरह से ठीक हो जाती है। लक्षण पहचाने में देरी और दवा बीच में छोड़ना मरीज को भारी पड़ता है। टीबी प्रिवलेंट सर्वे वर्ष 2019-2021 के मुताबिक टीबी के महज 60 फीसदी मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। 40 फीसदी को टीबी के लक्षण पता नहीं होते हैं। इन्हें खोजना पड़ रहा है या फिर स्थिति गंभीर होने पर वो जांच के लिए चिकित्सक से संपर्क करते हैं।

**जांच में लायी जा रही है तेजी :** जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया, जिले में टीबी की जांच में तेजी आई है। वर्ष 2022 में जिले में टीबी मरीजों की खोज के लिए 2700 का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें बक्सर जिले में 2643 का लक्ष्य हासिल किया गया था। वहीं, वर्ष 2023 में टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन का लक्ष्य बढ़ा कर 4500 किया है। जिसमें अब तक 2338 मरीजों का नोटिफिकेशन किया जा चुका है।

### समाज में टीबी के प्रति बढ़ी है जागरुकता

सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा ने बताया, पहले की अपेक्षा समाज में टीबी के प्रति जागरुकता बढ़ी है। इसके बावजूद इस पर काम करने की जरूरत है। हालांकि, सरकार व स्वास्थ्य समिति लोगों को जागरूक करने में लगी हुई है। साथ ही, समय समय पर टीबी के नये मरीजों की खोज के लिए अभियान चलाए जाते हैं। टीबी के लक्षण वाले मरीजों में टीबी की पुष्टि होने पर तत्काल उनका निक्षय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर इलाज शुरू किया जाता है। वहीं, समय समय पर एसटीएलएस और एसटीएस उनकी निगरानी करते हैं। ताकि वो इलाज के दौरान दवाओं का सेवन बंद न करें। टीबी के मरीज को स्वस्थ होने में लगभग 9 माह लग जाते हैं। इस बीच मरीजों को दवाओं का कोर्स पूरा करना होता है।

जिसमें तेजी लाने के लिए आगामी माह में विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि टीबी की अधिकधिक जांच से ही टीबी के नये मरीजों की पुष्टि की जा सकती है। इसके लिए आशा कार्यकताओं को भी प्रशिक्षण दिया गया। जो अपने संबंधित क्षेत्र में टीबी के लक्षण वाले मरीजों को जांच के लिए प्रेरित कर रही है। ताकि, जिले को टीबी को मुक्त किया जा सके।

टीबी के लक्षण

- दो सप्ताह अधिक की खांसी
- खांसी के साथ बलगम का आना
- शाम के समय बुखार आना
- भूख न लगना। लगातार वजन कम होना
- रात को सोते समय पसीना आना
- कभी-कभी बलगम के साथ खून आना

# अनदेखी : सीसीटीवी कैमरा पर पेंट लगाकर किया गया खराब

### लोक शिकायत पहुंचा डीईओ कार्यालय का मामला

**केटी न्यूज/बक्सर**



हरि अनंत हरि कथा अनंता की तरह शिक्षा विभाग में भ्रष्टचार व शिक्षा माफियाओं से सांट गाठ की कहानी भी अनंत है। हाल के दिनों इस विभाग के कई विवाद सामने आ चुके है। वहीं अब ताजा मामाल डीईओ कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे पर जानबूझकर पेंट करवाने को लेकर हुआ है। इसे लेकर एक व्यक्ति ने जिला लोक शिकायत में परिवाद दाखिल किया है। जिले के सिमरी अंचल के तवक्कल राय के डेरा निवासी हरेकृष्ण यादव ने अपने परिवाद में बताया है कि डीईओ कार्यालय के कर्मियों ने भ्रष्टाचार छिपाने तथा कार्यालय में शिक्षा माफियाओं की मजबूत पकड़ को छिपाने के लिए जानबूझकर कैमरे को पेंट करवा दिया गया था। उन्होंने जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी से इसकी जांच करने की मांग को लेकर परिवाद पत्र दायर किया है।

शिकायतकर्ता ने जिला शिक्षा कार्यालय में तैनात कर्मियों पर शिक्षा माफियाओं के साथ मिलीभगत कर सीसीटीवी कैमरा पर पेंट लगाकर भ्रष्टाचार छिपाने तथा लोकधन का लूट करने का आरोप लगाया है। इस मामले में शिक्षा माफियाओं के साथ डीईओ कार्यालय के 2 कर्मियों पर नामजद आरोप लगाया गया है। इसके साथ ही कहा गया है कि डीईओ कार्यालय में पारदर्शिता स्थापित करने तथा लोकसेवा को भ्रष्टाचार मुक्त करने के उदेश्य से सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। इससे शिक्षा माफियाओं के सांट-गांठ तथा उनके कार्यालय में लगातार आवाजाही को लेकर समस्या उत्पन्न हो रही थी। जिसके बाद कार्यालय के कर्मियों ने कैमरा पर ही पेंट लगवा दिया। परिवाद दायर करने वाले हरे कृष्ण यादव ने 21 सितंबर को पत्र के माध्यम से डीएम एवं डीईओ को भी कार्रवाई के लिए सूचना दी गई। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद मामले में जांच के लिए लोक शिकायत निवारण में परिवाद दायर किया गया। साथ ही, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, शिक्षा सचिव केके पाठक व शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर सिंह के पास भी पत्र भेज कार्रवाई की मांग की गई है।

"कैमरा पर पेंट लगाए जाने की शिकायत मिली थी। फिलवक्त कैमरा काम कर रहा है। मामले की जांच करवाई जा रही है। दोषी पाए जाने पर संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। *– अनिल कुमार द्विवेदी, डीईओ, बक्सर*

## खबरें फटाफट

### एससी, एसटी एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

**नावानगर।** स्थानीय पुलिस ने शिवपुर गांव में छापेमारी कर छेड़खानी व एससी, एसटी मामले के फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त गांव के बरेली गिरी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त विगत दो माह से फरार चल रहा था। उस पर एससी एसटी उत्पीड़न ऐक्ट तथा छेड़खानी का आरोप लगा था। कोर्ट से वारंट भी जारी किया गया था। मंगलवार की देर शाम गुप्त सूचना मिली कि फरार अभियुक्त अपने घर में देखा गया है। सूचना पर थानाध्यक्ष ने गांव के चिन्हित घर पर छापेमारी कर फरार अभियुक्त को धर दबोचा।

### फरार अपराधी ने कोर्ट में किया सरेंडर

**नावानगर।** स्थानीय पुलिस के दबिश से केसठ मिठाईया पुल के पास हुई कार लूट कांड मामला के एक और फरार अभियुक्त ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। जिसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। लूटकांड के फरार अभियुक्त महादेवगंज गांव निवासी रौशन कुमार उर्फ बटर है। थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया की फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए उसके परिजनों पर उनके द्वारा बार-बार दबिश बनाया जा रहा था। पुलिस दबिश के कारण अभियुक्त रौशन कुमार ने बुधवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया है । बता दें कि विगत जुलाई माह में डुमरांव शाखा नहर मार्ग स्थित केसठ मिठाईया पुल के पास हथियारबंद अपराधियों ने एक कार को लूट लिया था। उस कांड में संलिप्त तीन अपराधी को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। जबकि एक ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस कांड में संलिप्त तीन अभियुक्त अभी भी फरार चल रहे हैं। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### संग्रहालय परिसर में किया गया पौधारोपण

**बक्सर।** रामरेखा घाट स्थित श्री सीताराम उपाध्याय संग्रहालय परिसर में उज्ज्वल महिला विकास के बैनर तले पौधारोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के सचिव रामाशंकर कुशवाहा ने की। मौके पर उज्जवल महिला विकास केंद्र की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान रामाशंकर कुशवाहा ने पौधारोपण के प्रति सभी को जागरूक करते हुए कहा कि यह पौधा जब वृक्ष का रूप धारण करते हैं तो इसके कई फायदे होते हैं। एक तरफ जहां पौधों से पर्यावरण प्रदूषण में गिरावट आती है वहीं दूसरी तरफ वषार्पात में भी बढ़ोतरी सुनिश्चित हो जाती है। जिससे लोगों को सूखे और गर्मी से राहत मिलती है। वहीं रॉट्रैक्ट कल्ब उज्जवल महिला विकास केंद्र के सचिव नूरी फि रदोषी ने कहा कि प्रत्येक परिवार के सदस्य एक पौधे लगाना चाहिए ताकि पर्यावरण में बदलाव हो सके। इस अवसर पर काजल कुमारी, निभा कुमारी, काजल कुमारी शिल्पा कुमारी प्रीति कुमारी रंजन कुमार अंकित कुमार अंशु कुमार गर्ग मनी चौबे सबनम खातून नौनक फि दौष ज्योति कुमारी सीमा कुमारी रागिनी कुमारी नेहा कुमारी अन्य संस्था के सदस्य मौजूद थे।

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस: विधिक सेवा प्राधिकार ने मेधावी छात्राओं को किया पुरस्कृत

# बच्चियों में है असीमित प्रतिभा: आनंद

- जिले भर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस

**केटी न्यूज/बक्सर**



बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश बुधवार को व्यवहार न्यायालय, बक्सर स्थित विधिक सेवा सदन में वर्ल्ड गर्ल चाइल्ड डे मनाया गया। इस अवसर पर विविध क्षेत्रों कला, नृत्य, शिक्षा, खेलकूद, चित्रकला, निबंध लेखन, आदि प्रतियोगिता में जिले में औव्वल आने वाली व जिले का नाम रौशन करने वाली मेधावी बच्चियों को प्रशस्ति पत्र देकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष आनंद नंदन सिंह ने उन्हें सम्मानित किया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा दिन है जब हम दुनिया भर में लड़कियों की अविश्वसनीय क्षमता, ताकत और प्रतिभा का सम्मान करने के लिए एक साथ मंच पर आते हैं। लड़कियाँ सिर्फ हमारे समाज का हिस्सा नहीं हैं। वे इस समाज के दिल के दर्शन हैं। उनमें असीमित क्षमता है और हमें इसे फलने-फूलने में सहयोगी बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह स्वीकार करना निराशाजनक है कि 21वीं सदी में भी कई लड़कियों को भेदभाव, हिंसा और असहजता का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा लड़कियों को बोस्टन बनाने की कुंजी है। शिक्षा के माध्यम से वे गरीबी, अज्ञानता और पूर्वाग्रह से मुक्त हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का विषय लड़कियों को उनकी महत्वाकांक्षाओं को प्राप्त करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में सहायता करना है। जब महिलाएं और लड़कियां नेतृत्व करेंगी तो वे अपना नजरिया बदल सकती हैं। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए हाथ मिलाएं जहां हर लड़की बड़े सपने देख सके, ऊंचे लक्ष्य रख सके और अपनी पूरी क्षमता हासिल कर सकें। वहीं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह विधिक सेवा के प्रभारी सचिव देवराज ने भी अपने विचार रखें।

**छात्राओं को दिया गया प्रशस्ति पत्र :** मौके पर राष्ट्रीय जूनियर वुशु प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पाने वाली प्रियांशु, पूजा, माया, वूशु प्रतियोगिता में ही सहभागिता पदक पाने वाली लक्ष्मी कुमारी, सीनियर राष्ट्रीय वूशु प्रतियोगिता में सहभागिता पदक पाने वाली निभा कुमारी, राज्य स्तरीय विद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले सृष्टि राज, द्वितीय स्थान पाने वाली कीर्ति कुमारी, ओपन राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में सहभागिता पदक प्राप्त करने वाली अदिति सिंह, समीक्षा कुमारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

बिहार राज्य शिक्षा परियोजना परिषद, कला उत्सव 2023 में जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों में ज्योति, चांदनी रोशन, कुसुम, जूही, नैना, पलक, पूजा, प्रिया, नंदिनी, सोनाली, सुप्रिया, शैली मौर्य, रुचि, काजल, दीपिका, सलोनी, सलोनी पांडेय, रिचा कुमारी। जूनियर प्रतिभागियों में अल्मा किड्स स्कूल के विद्यार्थी जिन्होंने चित्रकला, नृत्य एवं संगीत में प्रथम स्थान पाया उनमें दिशा, आराध्या पंडित, तेजस्विनी, शिवांगी वर्मा, शंभवी सिंह, उन्नति, समृद्धि, शानवी श्रीवास्तव, गौरी उपाध्याय आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रधान न्यायाधीश, आशुतोष कुमार झा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दीपक भटनागर, मनोज कुमार द्वितीय, विवेक राय, मनकामेश्वर प्रसाद चौबे, प्रभाकर दत्त मिश्रा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी नेहा त्रिपाठी, शुभम त्रिपाठी, गौरव कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### साइकिल रैली निकाल लोगों को छात्राओं ने दिया बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का संदेश

**चौगाई।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर चौगाई प्रखंड के मध्य विद्यालय लक्ष्मीपुर से छात्राओं ने साइकिल जागरूकता रैली निकाली। इस रैली को बीडीओ तेज बहादूर सुमन तथा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुरेश प्रसादने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में मध्य विद्यालय लक्ष्मीपुर के साथ ही चौगाई प्लस टू उच्च विद्यालय तथा मुरार हाई स्कूल की छात्राएं शामिल हुई थी। स्कूल परिसर से साइकिल से निकली दर्जनों की संख्या में छात्राएं बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा लगा रही थी। छात्राओं की यह रैली पूरे गांव का भ्रमण कर वापस स्कूल पहुंच संपन्न हुआ। बीडीओ ने कहा कि आज लड़कियां सभी क्षेत्रों में लड़कों से आगे निकल रही है। उन्होंने लैंगिक समानता पर बल देत हुए समाज को भी अपनी सोंच बदलने तथा बेटा-बेटी में फर्क नहीं करने को कहा। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षिकाएं समेत कई अन्य पंचायत प्रतिनिधि व गणमान्य मौजूद थे।



### जो बेटी को पहचान देते हैं वही महान होते हैं

**केसठ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित अनुसूचित जाति मध्य विद्यालय के प्रांगण में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि यह दिन लड़कियों की आवाज को बुलंद करने के लिए मनाया जाता है, ताकि लोगों तक ओर हर घर तक यह आवाज पहुंच सके कि बेटी कुदरत का एक उपहार है और इसको सम्मान देना चाहिए। जो बेटी को पहचान देते है वही माता-पिता महान होते है। उन्होंने कहा कि अगर हमने अपने देश की नींव को मजबूत बनाना है तो हर माता-पिता को चाहिए कि वह अपनी बेटी को पढ़ाएं। इस अवसर पर विद्यालय में बेटियों को जागरूक करने के लिए सामूहिक गीत, पेंटिंग, चित्रकला, भाषण सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दहेज प्रथा,लोभी समाज आदि पर बालिकाओं ने गीत गा कर अतिथियों का मन मोह लिया।

## एक नजर

### संपूर्ण क्रांति के जनक की जयंति पर केन्द्रीय मंत्री ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**बक्सर।** स्थानीय सांसद सह केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने बुधवार को संपूर्ण क्रांति के जनक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर पटना कदमकुआं स्थित उनके आवास पर पहुंच कर विन्रम श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा की जयप्रकाश नारायण जी संपूर्ण क्रांति के प्रणेता थे। वे हमेशा सभी के प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। वे कांग्रेस के आपातकाल की तानाशाही के खिलाफ नायक बनकर उभरे थे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे उनके साथ काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। इस मौके पर बक्सर सांसद सह केंद्रीय राज्यमंत्री श्री चौबे ने उनके संकल्पों को दोहराया। उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया।



### बुनियाद केंद्र में बुजुर्गों को किया गया सम्मान्नित

**बक्सर।** बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के मौके पर सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग-सह-दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग बक्सर शशांक सिंह की अध्यक्षता में बुनियाद केंद्र ने समाज में विशेष योगदान देने वाले वृद्धजनों को विशिष्ठ सम्मान से सम्मानित किया। इस दौरान डा ओमप्रकाश केशरी पवन्नन्दन, रामेश्वर प्रसाद वर्मा एवं अन्य वृद्धजनों को शॉल, कॉफी, मग एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनकी लम्बी आयु के लिए प्रार्थना की गई। इसके पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष में बुनियाद केंद्र द्वारा चलाये जा रहें विद्यालयों में चित्रकला, निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर उनके उज्जवल भविष्य की मंगलमय कामना की गई। चित्रकला में ज्योति कुमारी (सहयोगी मध्य विद्यालय, नई बाजार) स्लोगन लेखन में अनुष्का कुमारी (आदर्श मध्य विद्यालय, नई बाजार) निबंध में काजल कुमारी (विश्वामित्र प्राथमिक सह मध्य विद्यालय) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रबंधक लक्ष्मी कुमारी सोनी एवं उनके समस्त कर्मियों का उत्कृष्ट योगदान दिया गया।



## जातीगत गणना में बारी समाज को दिखाया गया है कमः अजय विक्रांत

**केटी न्यूज/केसठ**

बिहार में जातीय गणना की घोषणा के बाद लगातार विभिन्न जातियों द्वारा विरोध जारी है। कायस्थ, कोईरी, कुशवाहा के जातीय गणना के विरोध करने के बाद अब बारी संघ ने भी विरोध जताया है। बिहार राज्य बारी संघ के प्रदेश महामंत्री अजय कुमार विक्रांत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि बिहार में जातीय गणना में बारी समाज को गलत टंकन किया गया है। जिससे बारी समाज में रोष व्याप्त है।

उन्होंने कहा कि समाजिक प्राणदाता काका कालेकर पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा प्रकाशित वॉल थी 1956 के पुस्तक के पृष्ठ संख्या 1951 में बारी समाज को संख्या 164510 है। 67 वर्ष बाद घटकर 61003 हो गई। जिस पर सवाल उठना लाजिमी है। सभी जातियों की जनसंख्या वृद्धि, आर्थिक स्थिति में वृद्धि हो रहा है तो बारी समाज का जनसंख्या घाट कैसे गया। साथ ही बिहार सरकार द्वारा जारी संख्या को देखते हुए लगता है की यह जाति बिलुप्ति के कगार पर है। तो इस कटी को बिलुप्त प्रजाति घोषित करते हुए संरक्षण देने की मांग की है। ताकि सरकार पर बारी समाज का विश्वास बना रहे। साथ ही सरकार पर बारी समाज को नजर अंदाज करने का आरोप लगाया है। इसके लिए बिहार राज्य बारी संघ के महामंत्री ने पत्र भेज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

## थानाध्यक्ष ने दी चेतावनी, नहीं बख्शे जाएंगे जुआरी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव पुलिस ने शहर के विभिन्न हॉटस्पॉट एरिया में असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान ट्रेनिंग स्कूल सहित सार्वजनिक जगहों पर पुलिस ने जुआरियों को खदेड़ते हुए सख्त चेतावनी दी। इसका नेतृत्व डुमरांव थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने किया। इस दौरान पुलिस को देखते ही जुआरी भाग खड़े हुए।

थानाध्यक्ष ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त किसी को भी नहीं बक्शा जायेगा और हर हाल में उनके विरुद्ध कारवाई की जाएगी। पूजा को लेकर प्रशासन की चप्पे चप्पे की मॉनिटरिंग होगी, और ऐसी गतिविधियों वाले तत्वों को पकड़ थाने लाया जाएगा। इस दौरान पुलिस को देखते ही जुएड़ी भाग खड़े हुए।

हाल ही में एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में करीब 3 दर्जन बाइक को जब्त किया गया था। ये बाइक सवार अपनी बाइक को सरपट दौड़ाकर और साइलेंसर से पटाखे तथा हॉर्न बजाकर राहगीरों व स्कूल में पढ़ने आई बच्चियों को डरा रहे थे। वहीं, लड़कियों की छुट्टी के दौरान मनचले सरेआम विद्यालयों के पास छिटकाशी भी करते थे। इसी एवज में एसडीपीओ द्वारा एंटी रोमियो अभियान के तहत कारवाई की गई। पुलिस की इस कार्रवाइ से असामाजिक तत्वों व मनचलों में खौंफ उत्पन्न हो रहा है। एसडीपीओ ने बताया कि अनुमंडल के विभिन्न थानों को निर्देशित किया गया है कि ऐसी करवाईयां जारी रखें और जरूरत पड़ने पर ऐसे तत्वों पर प्राथमिकी दर्ज की जाए।

### डुमरांव स्थित सोनारपट्टी के कनक भवन पंडाल में इस बार आकर्षक होगी माता की प्रतिमा

# अपनी सात बहनों के साथ झूले पर विराजेंगी मां दुर्गा

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शारदीय नवरात्र में अब महज कुछ दिन शेष बचें हैं। जिस कारण चार दिवसीय दशहरा मेला की तैयारियां तेज हो गई है। विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों द्वारा पंडालों व मूर्तियों के निर्माण में तेजी लाई गई है। सप्तमी को पट खुलते ही दशहरा मेला शुरू हो जाएगा। सभी पूजा समितियां इस बार खुद को सबसे अच्छा दिखाने की कवायद कर रही है। इस बार डुमरांव के सोनारपट्टी मोहल्ले में मां दुर्गा के साथ उनकी सात बहनें नीम के पेड़ पर झूला झूलती नजर आएंगी। जहां श्रद्धालु मां के इस स्वरूप का दर्शन करेंगे। पूजा समिति के सदस्य पूरे जोश के साथ पंडाल व मां की प्रतिमा का निर्माण कराने में जुटे हैं। इसके लिए बंगाल के कोलकात्ता से कारीगरों को बुलाया गया है। श्री वीर बालक दुगार्पूजा समिति सोनार पट्टी चौक रोड के अध्यक्ष पवन वर्मा, सदस्य कन्हैया वर्मा, राहुल, रोहित, पंकज वर्मा, जग्गू, अभिषेक, विशाल आदि ने बताया कि भव्य पंडाल में प्रतिमा के आकर्षक रूप देने के लिए बंगाल के मूर्तिकार व स्थानीय कारीगरों का विशेष योगदान है। मां दुर्गे के साथ उनकी बहने ऋणिका, घृणिका महला, मंगला, शीतला और सेठला का भी श्रद्धालु दर्शन करेंगे। समिति के सदस्यों ने बताया कि यहां कई वर्षों से मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजन की जाती है। यहां की प्रतिमा डुमरांव सहित आसपास के इलाके में चर्चित रही है। पंडाल के निर्माण पर बड़ी राशि खर्च होने का अनुमान है। इस पूजन को लेकर करीब चार लाख की राशि का बजट बनाया गया है। पंडाल का स्वरूप 25 फीट ऊंचा होगा और अंदर में बेहतर सजावट कर इसका भव्य स्वरूप दिया जायेगा। समिति के सदस्यों द्वारा आगंतुकों के लिए विशेष सुविधा मुहैया करायी जायेगी। साथ ही श्रद्धालुओं को दर्शन करने में कोई परेशानी न हो इसका विशेष ख्याल रखा जायेगा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सदस्यों की तैनाती की जायेगी। प्रशासन की भी मदद ली जायेगी। माहौल भक्तिमय बना रहे इसकी पूरी व्यवस्था की गयी है। समिति ने बताया कि अष्टमी को महाआरती होगी और महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। इसके लिए विशेष व्यवस्था की गयी है।

विश्वामित्र हॉस्पीटल

लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।



डा. राजीव कुमार झा

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर

मोबाईल नम्बर - 9122950441

# बाल कृष्ण के कालिया मर्दन करते ही जयकारे से गूंज उठा किला मैदान

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर किला मैदान स्थित रामलीला मंच पर रामलीला समिति के तत्वावधान में चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के पांचवे दिन बुधवार को रासलीला मंडली ने कृष्ण लीला के क्रम में कालीदह लीला का मंचन किया। कालीदह लीला में दिखाया गया कि यमुना के कालीदह के विषैले पानी को शुद्ध कराने के लिए मथुरा के राजा कंस को नारद मुनी ने सलाह दी कि जिस कालीदह में कालिया नाग रहता है, उसमें नीलकमल के फूल खिले हुए हैं। नंद बाबा से पूजा के लिए एक करोड़ नीलकमल के फूल की मांग करें। जब भगवान कृष्ण फूल तोड़ने काली दह में जाएंगे तो उनकी मौत हो जाएगी। उनके सलाह पर कंस ने नंद बाबा के यहाँ नीलकमल फूल लिए संदेश भेजा। खबर पहुचते गोकुल वासी भयभीत हो गए। यह देखकर श्रीकृष्ण अपने सखाओं के साथ कालीदह स्थित जाकर गेंद का खेल खेलते हैं और खेलते खेलते जान बूझकर कालीदह में गेंद फेंक देते हैं। जब वही गेंद लाने के लिए सखा सुदामा ने हठ की तो भगवान काली दह में कूद गए। उस समय गोकुल में हाहाकार मच गया। नंद बाबा, यशोदा मैया के विलाप से यज्ञ मंडप में सन्नाटा छा गया। भगवान श्री कृष्ण जब कालिया नाग को नाथ कर ऊपर आए तो उनके जयकारों से पंडाल गूंज उठा तथा रासलीला देख दर्शक भाव विभोर हो गए।

## ताड़का वध कर श्रीराम ने की महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा

रामलीला में विश्वामित्र आगमन एवं ताड़का वध चरित्र का जीवंत मंचन किया। जिसमें दिखाया गया कि सिद्धाश्रम (बक्सर) निवासी महर्षि विश्वामित्र यज्ञ करने को तत्पर होते हैं, तो राक्षस आकर उनके यज्ञ को नष्ट भ्रष्ट कर देते हैं। मुनि उन राक्षसों को भय दिखा कर भगा देते हैं। परन्तु अपने यज्ञ की सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित रहते हैं। इसी विचार को लेकर महर्षि विश्वामित्र अवधपुरी को प्रस्थान करते हैं। वहां पहुंचने पर राजा दशरथ उनका स्वागत करते है। महर्षि राजा दशरथ से अपने यज्ञ की सुरक्षा हेतु श्रीराम व लक्ष्मण की मांग करते हैं। गुरु वशिष्ठ के कहने पर महाराज दोनों पुत्र विश्वामित्र जी को सौंप देते हैं। दोनों भाई माता से आज्ञा लेकर महर्षि के साथ बक्सर वन को प्रस्थान करते हैं। जहां मार्ग में ताड़का राक्षसी मिलती है। गुरुदेव की आज्ञा पाकर श्रीराम अपने वाणों से उसका उद्धार कर देते हैं। महर्षि विश्वामित्र जी दोनों भाईयों को सिद्धाश्रम स्थित अपनी कुटिया पर ले जाते हैं और वहां यज्ञ प्रारंभ करते हैं। तभी मारीच और सुबाहु जैसे राक्षस यज्ञ में विघ्न डालने पहुंच जाते हैं। राम लक्ष्मण राक्षसों का संहार कर यज्ञ की रक्षा करते हैं।

# जमानत पर पांच दिन पहले आए युवक को पीट-पीटकर मार डाला

**केटी न्यूज/आरा**



जिला मुख्यालय स्थित टाउन थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व जेल से जमानत पर आए एक युवक की पीट-पीटकर हत्या की गई है। जिसका खुलासा बुधवार को हुआ, जब उसका शव नाजीरगंज स्थित साधु के मठिया के बरामद हुआ। उसके मुंह व नाक से खून निकल रहा था और पूरा चेहरा सूजा हुआ था। मृतक टाउन थाना क्षेत्र के अहीरपुरवा मोहल्ला निवासी स्व. मोती लाल चौधरी का 27 वर्षीय पुत्र राजू चौधरी था। वह बाइक चोरी में जेल गया था। शराब के केस भी चार्जशीटेड था। शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गयी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संजीव कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। उसके बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

युवक के बड़े भाई मुन्ना चौधरी ने बताया कि मंगलवार की सुबह वह दस बजे घर से निकला था। रात में वह वह घर वापस नहीं लौटा, तो उन लोगों ने सोचा कि हमेशा की तरह कहीं गया होगा। देर रात तक सुबह तक आ ही जायेगा?। इस बीच बुधवार की दोपहर उसकी पत्नी ने बताया कि राजू का शव नजीरगंज स्थित साधु के मठिया के पास पड़ा है। सूचना पाकर वह तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। मुन्ना चौधरी ने अपने भाई की अज्ञात लोगों द्वारा ईंट से उसके सिर को कुच कर उसकी हत्या कर शव को फेंकने की आशंका जताई है। हालांकि उसने अपने भाई राजू के मोहल्ले में किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार की विवाद या दुश्मनी की बातों से इन्कार किया है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

**बाइक चोरी में भी जा चुका है जेल :** मुन्ना चौधरी ने बताया कि उसका भाई राजू बाइक चोरी के मामले में करीब साढ़े तीन माह पहले जेल गया था। टाउन थाना पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा गया था। वह इसी माह 6 अक्टूबर को जमानत पर जेल से बाहर आया था। वापस घर लौटा था। बताया जा रहा है कि युवक तीन भाई और दो बहनों में छोटा था।

## खबरें फटाफट

### नदी पार करने के दौरान डूबने से किसान की मौत

**आरा।** जिले के आयर थाना क्षेत्र के स्थानीय आयर गांव में नदी में डूबने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक आयर थाना क्षेत्र के भगवान टोला गांव निवासी पारस सिंह थे। जो नदी की दूसरी ओर अपने खेत जाने के दौरान डूब गये। पारस सिंह के चाचा राम प्रवेश सिंह ने बताया कि वह अपने खेत में जा रहे थे। जिसके लिए उन्हें नदी को पार करना पड़ता है। इस दौरान नदी में तैरने के दौरान वो डूबने लगे। तभी वहां चारा काट रही महिला ने उन्हें डूबता देखा और शोर मचाने लगी। महिला की आवाज सुनकर ग्रामीण पहुंचे, तब तक वह डूब चुके थे। उसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से उनके शव को पानी से बाहर निकला गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया। वहीं, बलिगांव पंचायत के सरपंच मोहित कुमार सदर अस्पताल पहुंचकर परिजनों को उन्हें ढांढस बंधवाया। हादसे के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी तिलिया देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

### अंतरराष्ट्रीये बालिका दिवस पर निकाली गई साइकिल रैली

**बक्सर।** अंतरराष्ट्रीये बालिका दिवस के अवसर परे महदहे उच्च विद्यालय की छात्राओं ने साइकिल रैलौ निकालीे अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार मिश्रा ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवानो कियाे इसके बाद विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी बक्सर रोहित मिश्रा, सीडीपीओ बक्सर डॉ. स्वाति भारती, बीपीआरओे राजेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि सुशील यादव सहित कई अन्य लोग उपस्थिते रहेे उपस्थित सभी छात्राओं को कैप, टी-शर्ट एवं सेनेटरी पैड वितरित कियो गयाे वहीं अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेंद्र राम द्वारा कियो गयाे कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्या शंकर दुबे, राजकुमार, लाल साहब, एकता यादव, रेणु कुमारी, नीतू कुमारी एवं एवं वंदना कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिको रहीे कार्यक्रम का संचालन शेषनाथ दुबे के द्वारा

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, जिला जज ने कहा-

# समाज में अपनी भूमिका निभाएं छात्राएं

**केटी न्यूज/जहानाबाद**






अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस जिला विधिक सेवा प्राधिकार जहानाबाद के प्रांगण में जिला शिक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार डॉ. राकेश कुमार सिंह ने कहा बच्चियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। समाज में बच्चियों का क्या स्थान है, भविष्य में क्या हो सकता है, समाज के लिए कितनी महत्वपूर्ण अंग है, समाज में कितना इनका ऊंचा स्थान हो सकता है इन बातों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि और आगे बढ़ाने के लिए उन्हें प्रेरणा दिया गया। हमारा संकल्प है हमारे देश की बच्चियों महत्वपूर्ण भूमिका हमारे समाज में आगे बढ़कर निभाएं।

जिला शिक्षा पदाधिकारी पदाधिकारी रोशन आरा ने भी बच्चियों को आगे बढ़ाने के लिए मनोबल ऊंचा रखने की नसीहत और अपनी बातों को समझ में खुलकर रखने को कहा हर प्रतिस्पर्धा में भाग लेने से मनोबल के साथ शिक्षा भी प्राप्त होगी।

**बालिकाओं के हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए मनाया जाता है :** प्राधिकार सचिव रंजीत कुमार ने भी कहा कि विश्व में बालिकाओं के हिस्सेदारी बढ़ाने लड़कियों की शिक्षा से लेकर स्वस्थ करियर के लिए मार्ग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर साल 11 अक्टूबर को मनाया जाता है। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के अनुसार देश की आजादी के समय बालिका साक्षर लगभग 9% थी उस वक्त 11 में से केवल एक लड़कियां ही साक्षर थी। लड़कियों को भी समाज में उनके हिस्सेदारी अधिकारों और बरारी का दर्जा दिलाने के लिए उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम प्राधिकार के माध्यम से निरंतर चलाया जाता है। जहानाबाद के विभिन्न विद्यालयों से आमंत्रित बालिकाओं, जो शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त की है , को प्राधिकार अध्यक्ष डॉक्टर राकेश कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी रोशन आरा ने स्वाति कुमारी, सुजाता कुमारी, अंकिता कुमारी, पलक कुमारी, कशिश कुमारी, राधा कुमारी, रंजू कुमारी कुमारी, डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्राएं रोशनी कुमारी सान्वी चंद्रा, अंसारा मैहर, रिया रानी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**छात्राओं ने अधिकारियों के समक्ष रखी अपनी बात**

मिशन शक्ति अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने राज्य संपोषित बालिका उच्च विद्यालय में की। इस दौरान आईसीडीएस डीपीओ, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा के पदाधिकारी, सर्व शिक्षा के डीपीओ, सदर सीडीपीओ, पीओ, शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण हब तथा वन स्टॉप सेंटर के कर्मी शामिल हुए। संवाद के दौरान बालिकाओं ने बाल सुलभ प्रश्नों के साथ साथ अति गंभीर विषयों पर अपनी बात रखी एवं अपनी आकांक्षाओं, भविष्य के सपनों से अवगत कराया। क्यूं लडकों को ज्यादा आजादी है, समाज एवं परिवार में स्वीकार्यता, भ्रूण हत्या, लिंग से जुड़े भेदभाव पर मुखर आवाज में प्रश्न किए गए। जिला पदाधिकारी , श्री रिची पाण्डेय , द्वारा सभी विचारों, प्रश्नों को सुना गया और बच्चियों को कैरियर संवारने , अडिग रहने के गुर बताए गए। 11 अक्टूबर को प्रातः में बेटी बचाओ बेटी पढाओ कार्यक्रम की जागरूकता फैलाने के लिए छात्राओं द्वारा साईकिल एवं पैदल रैली निकाली गई। जिसमें अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।




# पूजा के दौरान शरारती तत्वों पर रखें नजरः एसडीएम



**केटी न्यूज/डुमरांव**

बुधवार की शाम डुमरांव थाना परिसर में एसडीएम कुमार पंकज व एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के संयुक्त नेतृत्व में अनुमंडल के सभी थानाध्यक्षों की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में शांति व्यवस्था बनाए रखने की रणनीति बनाई गई।

एसडीओ व एसडीपीओ ने बैठक में पर्व पर शराब तस्करों की गतिविधियों मनचलों तथा शरारती तत्वों पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने कहा कि दशहरा के दौरान शरारती तत्व उपद्रव फैलाने की साजिश रच सकते हैं। जिससे सामद्रायिक सौहार्द बिगड़ सकता है। अधिकारियों ने पूजा समिति के सदस्यों तथा शांति समिति से जुड़े लोगों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश देने को कहा। खासकर पंडाल में डीजे नहीं बजाने, सुरक्षा के मानकों का पालन कराने तथा समय से प्रतिमा विसर्जन करने आदि हिदायते दी गई। बैठक में डुमराव थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार, नया भोजपुर ओपी प्रभारी मुकेश कुमार, कोरान सराय थानाध्यक्ष अभय सिंह, सिमरी थानाध्यक्ष अमन कुमार, मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद समेत अनुमंडल के सभी थानों के थानाध्यक्ष व सर्किल इंस्पेक्टर मौजूद थे।

# मारपीट व फायरिंग मामले में दोनों पक्षों के 29 पर प्राथमिकी

**केटी न्यूज/आरा**

- मामले में सात गिरफ्तार, पुलिस ने दोनों पक्षों पर दर्ज किया आर्म्स एक्ट का मामला




जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव में मंगलवार को मारपीट और फायरिंग मामले में तीन प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। मामले में 29 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एक पक्ष ने 10 और दूसरे पक्ष ने 15 लोगों पर केस किया है। वहीं, मामले में पुलिस ने हथियार बरामदगी में चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। जिसमें पुलिस ने घटना के बाद ही त्वरित कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया था। साथ ही, पुलिस ने दो राइफल भी जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपितों में एक पक्ष के शालिक सिंह, नंद जी सिंह? और नरेश कुमार सिंह, जबकि दूसरे पक्ष के दीपक सिंह, दया नद सिंह, हरेंद्र सिंह और अभिषेक सिंह शामिल हैं।

मामले में एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि मंगलवार की सुबह जमीन विवाद में शाहपुर थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव के दो पक्षों के बीच मारपीट और फायरिंग की घटना हुई थी। सूचना मिलने पर मामले की तफ्तीश और आरोपितों की धरपकड़ को लेकर खुश एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी। उस आधार पर एसडीपीओ प्रभारी थानाध्यक्ष के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। उसके बाद छापेमारी कर दोनों पक्षों के सात आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने आम लोगों से मारपीट और फायरिंग के बदले कैंप में जमीन विवाद को सुलझाने की अपील की है। कहा कि जमीन संबंधी विवाद के निपटारे को लेकर हर शनिवार को सभी थानों में कैंप लगाया जा रहा है।




## बक्सर के चौगाईं प्रखंड मुख्यालय में जनसंवाद आयोजित कर डीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

# समस्याओं के निपटारे के लिए हाथ बढ़ाएं, हम देंगे साथः डीएम

**केटी न्यूज/चौगाईं**




बुधवार को स्थानीय प्रखंड कार्यालय परिसर में डीएम ने जन संवाद का आयोजन कर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी वही उनकी समस्याओं को भी सुना। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएम अंशुल अग्रवाल ने की, वहीं संचालन डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज ने किया। इस दौरान जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को सुना और उसे त्वरित रूप निष्पादित करने का आश्वासन दिया। कई लंबित मामले भी उजागर हुए जिनके निवारण की रूपरेखा तैयार करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने कहा कि जनसंवाद का अर्थ है लोगों की परेशानियों से सीधे जुड़ना। जिला प्रशासन प्रखंडों में पहुंचकर लोगों की परेशानियों से उन्हे मुक्त कराने की कवायद कर रहा है। डीएम ने कहा कि जनसंवाद के तहत आप अपनी परेशानियों के लिए हाथ बढ़ाइए, हम हाथ पकड़ने को तैयार हैं।

**स्टूडेंट क्रेडिट योजना से सुधरी घर की स्थिति :** कार्यक्रम में कन्या उत्थान योजना, जीविका की विभिन्न योजनाओं का लाभ सहित अन्य नीतियों पर चर्चा की गईं। स्थानीय निवासी दृष्टिहीन अवधेश राय ने बताया कि उनका घर आर्थिक तंगी से गुजर रहा था। बेटे को पढ़ाने के लिए पैसे नहीं थे। कभी आर्थिक कमजोरी के कारण परिवार भोजन को मोहताज था। तब किसी ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की जानकारी उन्हे दी, जिसके बाद चार लाख रुपए का लोन लेकर बेटे को पढ़ाया। आज बेटा इंफोसिस कंपनी में इंजीनियर है। घर की माली स्थिति सुधरी और दुखों के बादल छंट गए। किसान रामकैलाश यादव ने बताया कि इंजीनियरिंग छोड़ उन्होंने कृषि को अपना सहारा बनाया। आज बीपीटी 52 किस्म के धान व 2967 किस्म गेंहू की रियायत दर पर बीज की बुवाई कर खेती से बेहतर मुनाफा हो रहा है, वहीं मत्स्य पालन की कल्याणकारी योजनाओं का फायदा उठाकर 3 तालाब में मछली पाल रहे हैं, जो मुनाफे का सौदा साबित हो रही है।

**लोगों की आवाज सुनाई देनी चाहिए :** कार्यक्रम के संचालन के दौरान एसडीएम कुमार पंकज ने जिलाधिकारी के तत्वाधान दिव्यांगजनों के हित में चलाए गए कृत्रिम अंग परीक्षण व वितरण कार्यक्रम के आयोजन की भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी बात प्रशासन के सामने रखी जहां चौगाईं जिला पार्षद अरविंद प्रताप शाही ने प्रखंड में फील्ड का निर्माण कराने, छठ घाट का निर्माण कराने और जर्जर सड़को की मरम्मत कराने की अपील की।



# दीक्षांत समारोह में डॉ. अभिषेक विद्या वाचस्पति पुरस्कार से सम्मानित



**केटी न्यूज/मऊ**

रतनपुरा प्रखंड का उत्तरांचल क्षेत्र विद्वानों का गढ़ माना जाता है, विलौझा छिछोर और अइलख न्याय पंचायतों में एक से एक हस्तियां मौजूद हैं। जो विविध क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में विद्वानों की एक लंबी फेहरिस्त है। इन्हीं विद्वानों में शुमार होने वाले डॉ. अभिषेक सिंह ने अपनी प्रतिभा से उत्तरांचल के लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया है। डॉ अभिषेक सिंह रतनपुरा प्रखंड के सेमराजपुर गांव के निवासी हैं। जिन्होंने अपनी शिक्षा की शुरूआत गांव से ही की। तथा आगे चलकर गणित से डॉक्टरेट की उपाधि हासिल करने तक का सफर तय किया है। अभिषेक के पिता विजय कुमार सिंह तथा माता रीता सिंह है।

अभिषेक सिंह काशी हिंदू विश्वविद्यालय से गणित से स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल करने के बाद आईआईटी मद्रास और आईआईटी दिल्ली से एमटेक और पीएचडी की उपाधि प्राप्त किया। इनके काबिलियत और संबंधित विषय में शोध एवं क्षमता को देखते हुए जर्मनी ने पोस्ट - डॉक्टररोल के लिये इनको आमंत्रण पत्र भी मिल चुका है। हाल ही में दिल्ली में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा आयोजित 54वां दीक्षांत समारोह में विद्या वाचस्पति के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। अभिषेक ने बताया कि यह मुकाम लगातार अथक परिश्रम और निरंतर प्रयास से प्राप्त हुआ है, जो छात्र छात्राओं के लिए प्रेरणा का श्रोत बनेगा।

डा अभिषेक की सफलता का समाचार सुनकर पूरे गांव के लोग खुशी से गदगद है। उनके पिता विजय कुमार सिंह ने कहा है की बेटे द्वारा किया गया संघर्ष और मिली सफलता अध्ययन कर रहे छात्र छात्राओं के लिए नई प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

## बीड़ी श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**मऊ ।** प्रभारी चिकित्सा अधिकारी केंद्रीय बीड़ी श्रमिक चिकित्सालय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार अवधेश चंद्र वर्मा ने बताया कि भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मन्त्रालय के अन्तर्गत श्रम कल्याण संगठन, कार्यालय जनपद-मऊ जिले के समस्त बीड़ी श्रमिकों के अध्ययनरत पुत्र / पुत्रियों हेतु शिक्षा सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 1 से 12 एवंम उच्चतर डिग्री एवं व्यवसायिक कोर्स हेतु छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। उक्त आर्थिक सहायता हेतु आवेदन पत्र के लिए पात्र अभ्यर्थी लिंक http://scholarship.gov.in पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ बीड़ी श्रमिक परिचय पत्र (दोनों तरफ का) तथा उत्तीर्ण कक्षा के अंकपत्र को स्कैन करके अपलोड करना अनिवार्य है। आनलाइन आवेदन प्रारम्भ तिथि 01 अक्टूबर से एवं अन्तिम तिथि (Pre Matric) के लिए 30 नवम्बर तथा (Post Matric) के लिए 31 दिसम्बर तक है ।

## कटान से निदान के लिए विधायक ने प्रशासन को दिया 7 दिन का अल्टीमेटम



**सिकंदरपुर।** विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी बुधवार की दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे गोसाईपुर, शेखपुर, खरीद, पुरुषोत्तम पट्टी, निपनिया गांव पहुंचकर घाघरा नदी से हो रहे कटान की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि भाजपा सरकार को सिर्फ ग्रामवासियों का वोट चाहिए।

कटान से निजात दिलाने की कोई योजना सरकार के पास नहीं है। मेरे द्वारा विधान सभा में कटान का मुद्दा उठाया गया था। बाढ़ विभाग को मैं कई बार पत्र के माध्यम से कटान की समस्या से अवगत भी कराया हूं। किंतु अधिकारी बहरे हो गए हैं। कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर कटान रोकने के लिए समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो मैं अपनी समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों के साथ 20 अक्तूबर से सिकंदरपुर तहसील प्रांगरण में अनिश्चितकालीन धरना शुरू करूंगा।

## खबरें फटाफट

### सांप के डंसने से महिला की हुई मौत

**बलिया।** भीमपुरा थाना के करौंदी गांव में खेत की निगरानी कर रही पार्वती देवी उम्र 58 वर्ष पत्नी स्व. सखरज चौहान की सांप काटने से मंगलवार की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के समय महिला अपने खेत के पास स्थित झोपड़ी में बैठकर फसल की निगरानी कर रही थी। इस बीच चारपाई पर ही जहरीले सांप ने काट लिया। जिसे इलाज के लिए मऊ ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। महिला का शव गांव पहुंचा तो परिजनों में चीख पुकार मच गई। जिनका बुधवार के दिन गांव में अंतिम संस्कार किया गया।

### फरार वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

**सिकंदरपुर।** स्थानीय पुलिस ने गंभीर रूप से हमला करने के मामले में वारंटी अभियुक्त को बुधवार की दोपहर गोसाईपुर गांव स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम अवधेश तुरहा पुत्र भोला तुरहा है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि सिकंदरपुर थाने में अवधेश तुरहा के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत हुआ था। जिसके बाद से आरोपी अवधेश तुरहा फरार चल रहा था, इसबीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी अपने घर आया हुआ है। तभी पुलिस गोसाईपुर गांव स्थित उसके घर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। सिकंदरपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर बुधवार को आरोपी अवधेश तुरहा को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है।

### धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**बलिया।** शहर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी करने के आरोपी को बुधवार की सुबह कलेक्ट्रेट स्थित चंद्रशेखर उद्यान के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी सुरेशचंद्र चौधरी जापलिनगंज का रहने वाला है। आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा था, बुधवार की सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी कलेक्ट्रेट स्थित चंद्रशेखर उद्यान के पास खड़ा है, तभी पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी सुरेशचंद्र चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सुरेशचंद्र चौधरी के खिलाफ शहर कोतवाली में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसके बाद से ही सुरेशचंद्र चौधरी फरार चल रहा था।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत किया जागरूक

**मऊ ।** मोहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत वलीदपुर स्थित कार्यालय पर बुधवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत नगर भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता अजय जायसवाल के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को इसके बारे में जागरूक किया गया इस मौके पर नगर पंचायत वलीदपुर के अधिशासी अधिकारी ने आजादी के अमृत महोत्सव के महत्व प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही इस योजना के बारे में विस्तृत रूप से लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष रामशरण चौहान, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अर्जुन राजभर, स्वतंत्र कुमार गुप्ता, वरिष्ठ लिपिक राजेश कुमार एवं कर्मचारी भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा सम्राट लोग मौजूद रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिलाधिकारी ने बालिकाओं को किया सम्मानित

# कड़ी मेहनत की बदौलत सफलता चूमेगी आपके कदम: जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/बलिया**

महिला कल्याण विभाग, बलिया के तत्वाधान में बेटी बचाओ, बेटी, पढ़ाओ योजना के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार द्वारा जनपद के हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली (टाप टेन) बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र, पांच हजार का डमी चेक और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के सिंबल का कप एवं राजकीय इंटर कॉलेज बैरिया के किशोरी क्लब को खेलकूद कीट यथा कैरम बोर्ड, ढोलक, लूडो एवं प्रेरणादायक पुस्तक देकर सम्मानित किया और बालिकाओं का मनोबल बढ़ाते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गई। शिक्षा पर कुछ बालिकाओं ने अपनी बात रखी। जिलाधिकारी ने बालिकाओं से उनके भविष्य के लक्ष्य के बारे में जानकारी ली और संबंधित परीक्षा और अन्य विषयों पर मार्गदर्शन किया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित मेधावी बालिकाओं और एनसीसी की बालिकाओं को उनके उज्जवल भविष्य की सुविधा शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप लोग निरंतर उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हो। आप लोग डिफेंस, राजनीति, विज्ञान, शिक्षा, खेल या अन्य क्षेत्रों में अपना भविष्य बनाना चाहती हैं,तो इसके लिए एक लक्ष्य तैयार करके पूरी लगन और निष्ठा के साथ मेहनत करके अपना लक्ष्य पूरा कर अपने परिवार, गांव, जिला, प्रदेश और देश का नाम गौरवान्वित कर सकती हैं लेकिन इसके लिए सही दिशा में कठोर मेहनत की जरूरत होगी। आप लोग हमेशा बड़ा लक्ष्य निर्धारित करें। आजकल महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे काम करके समाज के पुराने रूढ़िवादी धारणाओं को ध्वस्त कर रही हैं। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए एशियाई गेम्स में एक महिला खिलाड़ी के गोल्ड मेडल जीतने का जिक्र किया और इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियां भी ऐसी है जो बेटियों को बढ़ावा दे रही हैं। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी राजित राम मिश्र ,जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुमताज सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### उद्यमियों की समस्याओं का समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बंधु व स्वरोजगार बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के प्रस्ताव पर एमओयू हस्ताक्षरित करने वाले एवं उद्यम स्थापित करने वाले उद्यमियों व निवेशकों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी से अवगत कराया। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि औद्योगिक स्थान माधोपुर रसड़ा एवं मिनी औद्योगिक स्थान बनरही एवं जिगनी में 33/11 केवीए के विद्युत उपकेंद्र की स्थापना के लिए उद्योग निदेशालय कानपुर से अभी कोई बजट प्राप्त नहीं हुआ है, इस पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त को अनुस्मारक पत्र भेजने के निर्देश दिए। उद्यम में फ्रेंड्स कंप्यूटर द्वारा शिक्षा विभाग, बलिया को 2018 में कंप्यूटर सप्लाई किया था जिसके 35 लाख के भुगतान मामले में जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## अवैध तस्करी: 318 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

**केटी न्यूज/मऊ**

पुलिस को मंगलवार की सायं क्षेत्र के शहरोज मोड़ के पास स्थित रेवरीडीह पुलिया के पास खड़े एक धान लदे डीसीएम से 318 पेटी में रखा 10200 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करने में सफलता मिली है। मौके पर वाहन के ड्राइवर व खलासी नहीं मिले। जबकि वाहन पर दो तरह का नम्बर प्लेट पाया गया। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर डीसीएम व अवैध शराब कब्जे में ले लिया है। तथा मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष व स्वाट टीम प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र के डाड़ी तिराहे पर मंगलवार की सायं चेकिंग कर रहे थे। थोड़ी देर में एस आई गंगा राम बिंद व एस ओ जी प्रभारी अमित कुमार मिश्र भी अपने हमराहियों के साथ पहुँच गए तथा अवैध शराब की तस्करी के रोकथाम पर बातचीत करने लगे। इसी बीच आबकारी निरीक्षक मऊ विमलेश कुमार यादव व आजमगढ़ क्षेत्र के आबकारी निरीक्षक सतेन्द्र सिंह भी वहाँ पर पहुँच गए तथा बातचीत में शामिल हो गये।



♦ कोपागंज पुलिस को मिली सफलता

तभी एक व्यक्ति ने आकर बताया कि रेवरीडीह पुल के पास एक डीसीएम खड़ा है जिसमें कुछ संदिग्ध सामान लदा है। सूचना पाकर पूरी टीम वहाँ पहुँच गयी। तो काला तिरपाल लगा हुआ एक डीसीएम खड़ा मिला जिसके आसपास ड्राइवर व खलासी भी नहीं थे।

## छात्र-छात्राओं का दल एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना, प्रधान ने दिखाई हरी झंडी

**केटी न्यूज/ मऊ**

शिक्षा क्षेत्र रतनपुरा के चकरा न्याय पंचायत अंतर्गत स्थित कंपोजिट विद्यालय कीरत सराय (पीएम श्री चयनित विद्यालय) के प्रधानाध्यापक परवेज आलम अंसारी के नेतृत्व में विद्यालय में अध्यनरत कक्षा आठवीं के 26 छात्र-छात्राओं का दल एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर रवाना हुआ। भ्रमण दल को ग्राम प्रधान द्रोणाचार्य मौर्य एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष भिखारी राजभर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्र-छात्राओं का दल सबसे पहले जनपद के कहिनौर में स्थित प्रमुख पौराणिक स्थल वन देवी मंदिर पहुंचा। जहां पर बच्चों ने मंदिर में दर्शन कर पास में स्थित मनोरंजन पार्क मेंखूब मस्ती किया



इसके बाद यह दल जनपद मुख्यालय स्थित मां शीतला मंदिर पहुंचा। उसके बाद सेल्फी प्वाइंट, रोज गार्डन एवं स्टेडियम पहुंचा । भ्रमण के दौरान बच्चों की खुशी देखते बन रही थी। भ्रमण कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक आशीष गुप्ता, विवेक राय, शीला देवी आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

### आरोपी के घर 82 का नोटिस चस्पाया

**बांसडीह।** कोतवाली पुलिस ने गबन व धोखाधड़ी के मुकदमे में फरार वांछित आरोपी धनंजय सिंह के ताखा स्थित घर पर पहुंचकर बुधवार की दोपहर सीआरपीसी 82 का नोटिस चस्पा किया। एसआई उदयराज यादव द्वारा डुगडुगी पिटवाकर नोटिस चस्पा किया गया। आरोपी के घरवालों को बताया गया यदि आरोपी धनंजय सिंह नोटिस जारी होने की तारीख से 30 दिवस के अंदर न्यायालय में उपस्थित नही होतें है तो उनके खिलाफ 83 सीआरपीसी की कार्रवाई कर उनकी संपत्ति की कुर्की की जाएगी। बांसडीह कोतवाल योगेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी धनंजय के खिलाफ बांसडीह कोतवाली में धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत है। आरोपी अभी भी फरार चल रहा है। ऐसे में न्यायालय के आदेश पर ताखा स्थित घर पर पहुंचकर सीआरपीसी 82 का नोटिस चस्पा किया गया है। 30 दिवस के अंदर उपस्थित नही होतें है तो उनके खिलाफ संपत्ति की कुर्की की जाएगी।

## राशन के लिए सड़क पर उतरी महिलाएं, जमकर किया हंगामा



**केटी न्यूज/बलिया**

बेल्थरारोड के तिरनई लालगंज की महिलाओं ने राशन के लिए बुधवार की दोपहर बहोरवा मार्ग पर कोटेदार के समक्ष जमकर हंगामा किया और सड़क पर ही बैठ गई। जिससे उक्त मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि कोटेदार चावल का जानबूझकर वितरण नहीं कर रहा है और पिछले तीन माह से राशन तक नहीं वितरण किया गया है।

जिसके कारण गरीब परिवार के समक्ष भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो गया है। कोटेदार प्रमिला देवी के राशन दुकान पर बुधवार को बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची और राशन की मांग करने लगी किंतु यहां चावल और गेहूं के बजाएं सिर्फ गेहूं का ही वितरण किया जा रहा था। जिससे महिलाएं भड़क गई और अपना पूरा राशन मांगने को लेकर हंगामा करने लगी। जबकि कुछ महिलाएं सड़क पर बैठ गई और कोटेदार के मनमानी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगी।

सूचना मिलते ही उभांव इंस्पेक्टर राजीव कुमार मिश्र मौके पर पहुंचे और महिलाओं को समझाकर तुरंत सड़क को खाली करवाया। जिससे यातायात सामान्य हो गया।

### चोरी की बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

**बलिया।** सिंहपुर चट्टी हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार मोटरसाइकिल चोरी के तीन आरोपियों को बुधवार की सुबह फेफना थाने की पुलिस ने न्यायालय में चालान कर दिया। आरोपियों के पास से चोरी की 6 मोटरसाइकिल भी बरामद हुआ है। आरोपियों का नाम सूरज राजभर निवासी सिंहाचौर खुर्द, मुकेश गुप्ता निवासी सिंहाचौर खुर्द व विवेक राजभर निवासी निकासी है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ मोटर साईकिल चोर चोरी की मोटरसाइकिलों को लेकर बिहार की तरफ बेचने हेतु जाने वाले है, जो रसड़ा की तरफ से आ रहे है। इस सूचना पर विश्वास करते हुए थाना फेफना पुलिस टीम द्वारा सिंहपुर चट्टी हनुमान मंदिर के पास से तीनों आरोपियों को चोरी की 6 मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया है।

### काझा मार्ग पर गड्ढा मुक्त कार्य का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, दी चेतावनी

# गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा न करने पर होगी कार्रवाई

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार ने शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे सड़कों के गड्ढा मुक्त अभियान के तहत बढुआ गोदाम से वनदेवी धाम होते हुए काझा मार्ग पर कराए जा रहे गड्ढा मुक्त कार्य का निरीक्षण किया। 14.4 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर इस वर्ष कुल 9 किलोमीटर लंबी सड़क पर पैचअप कार्य किया जाना है, जिसे 15 अक्टूबर तक पूर्ण किया जाना है।

इस पैचअप कार्य की कुल अनुमानित लागत 15 लाख रुपए है।इस दौरान सड़कों पर जमी धूल की बिना एयर कंप्रेशर मशीन के प्रयोग से ठीक ढंग से सफाई किए बिना ही लेपन कार्य किए जाने एवं मानक के अनुरूप गड्ढों में गिट्टियों का प्रयोग न किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी (प्रांतीय खंड) को गड्ढा मुक्त कार्य को निर्धारित मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने गड्ढा मुक्त कार्य में प्रयुक्त किए जा रहे गिट्टियों की साइज एवं उसकी क्वालिटी की भी जांच की तथा लेपन कार्य हेतु प्रयुक्त किये जा रहे गिट्टियों की गहराई एवं कोलतार की गुणवत्ता की भी जांच जिलाधिकारी द्वारा किया गया। इस दौरान अधिशासी अभियंता पी.डब्ल्यू.डी.चक्रेश कुमार, सहायक अभियंता पी.डब्लू.डी.सौरभ सिंह, नायब तहसीलदार सदर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### सही से कार्य कराये जाने के दिए निर्देश

अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी एवं संबंधित ठेकेदार को सभी कार्यों को मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराये जाने के निर्देश दिए। विशेष कर गड्ढों में मानक के अनुरूप गिट्टियों की भराई तथा सड़क पर जमी धूल की एयर कंप्रेसर मशीन से सफाई के उपरांत ही पैचअप कार्य करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्यवाही करने के साथ ही संबंधित ठेकेदार से वसूली भी कराए जाने की चेतावनी जिलाधिकारी द्वारा दी गई।



## खबरें फटाफट

### मंदिर से मुकुट और दानपेटी चोरी

**चंदौली ।** धानापुर विकास खण्ड के रैथा गांव स्थित हनुमानजी के मंदिर में घुसकर चोरों ने भगवान का मुकुट सहित लाखों का माल चुरा लिया। जानकारी के अनुसार मंदिर के पुजारी जब शाम को भक्तों के साथ सन्ध्या आरती करने पहुंचे तो देखा कि हनुमान जी का मुकुट विष्णु जी का मुकुट गायब है। धीना थाना क्षेत्र के रैथा गांव के पूरब स्थित हनुमानजी के मन्दिर में दोपहर मे ही चोरों ने धावा बोल दिया और हनुमानजी, बिष्णु जी, लक्ष्मी जी तीनों देवी देवताओं का मुकुट व दानपेटी चुरा ले गये । रैथा गांव शंकर जी के मंदिर में पूर्व में लगा इनवरटर बैट्री चोर चुरा चुके हैं। चोरी की सूचना गांव के राजू राय द्वारा धीना पुलिस को दी गई है।

### बालिकाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**गाजीपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ योजनान्तर्गत नेहरू स्टेडियम गोराबाजार में बालिकाओं का खेलकूद का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालायों से आए हुए बालिकाओं द्वारा खो-खो, कबड्डी दौड़ आदि कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। साथ ही दर्शक के रूप में अन्य विद्यालायों के बालक भी उपस्थित रहकर कार्यक्रम का हिस्सा बने। खेल के उपरान्त खेलों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले बालिकाओं को प्रोत्साहित किया गया। इसमें लगभग 150 प्रतिभागी शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी निशान्त उपाध्याय द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला क्रीड़ाधिकारी एवं महिला शक्ति केन्द्र तथा महिला कल्याण विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत चलाया गया अभियान




**गाजीपुर।** मेरी माटी मेरा देश, माटी का नमन वीरों का वंदन कार्यक्रम जिला प्रशासन एवं नेहरु युवा केंद्र के सौजन्य से जनपद में समारोह पूर्वक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में रेवतीपुर, सादात एवं कासिमाबाद में भव्यता के साथ ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम मनाया गया। रेवतीपुर में मुख्य अतिथि प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विश्व मोहन शर्मा ने कहा कि शहीदों के सपनों के अनुरूप भारत के नवनिर्माण की दिशा में सभी को आगे आना होगा, जो देश की आजादी के खातिर शहीद हो गए उनके परिजनों का सम्मान सदैव किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे ब्लॉक के प्रत्येक गांव में यह अभियान घर घर धूमधाम से चलाया गया। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन एवं उसके पश्चात गाजीपुर के बलिदानियों की गाथा सुनाते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने की अपील किया। अध्यक्षता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्व मोहन शर्मा ने किया तथा आजादी के संघर्षों के इतिहास पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र सरोज ने कहा कि गाजीपुर की धरती बलिदानों की धरती रही है। यहां का इतिहास क्रांतिकारी रहा है सगांव-गांव में शहीदों का सम्मान किया जाना एवं उनका अनुसरण करना सभी का नैतिक कर्तव्य हैं।

# खुशखबरी: विद्युत विभाग ने लांच किया सोलर रूफटॉप योजना

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जिलेवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। विद्युत विभाग ने सोलर रूफटाप योजना लागू की है। इसका लाभ अब जनपदवासी ले सकते हैं। इसके लिए सरकार सब्सिडी भी दे रही है। नोडल अधिकारी हिमांशु जयसवाल ने बताया कि सोलर रूफटाप योजना का लाभ लेने के लिए सबसे पहले उपभोक्ता के पास एक वैध विद्युत कनेक्शन होना चाहिए।

उपभोक्ता के पास जितने किलोवाट का विद्युत कनेक्शन होगा। उसके घर पर उतने ही लोड का सोलर रूफटाप लगेगा। इसके लिए उपभोक्ता को आनलाइन आवेदन करना होगा।उसके बाद विभाग द्वारा उपभोक्ता का सत्यापन करने के बाद उसके घर पर एक नया मीटर लगाया जाएगा। जिसमें घरेलू बिजली की खपत और सोलर का उत्पादन दोनों की रीडिंग होगी।जैसे उपभोक्ता यदि सोलर के द्वारा दो किलोवाट का विद्युत उत्पादन करता है और उसकी खपत तीन किलोवाट की है, तो उपभोक्ता को केवल एक किलोवाट बिजली बिल का भुगतान करना पड़ेगा।

यदि किसी उपभोक्ता का बिजली का बिल 1500 रुपया का आ रहा है और वह 1200 रुपया का सोलर से विद्युत उत्पादन कर रहा है, तो उसे केवल 300 रुपया का भुगतान करना होगा। यदि उपभोक्ता खपत से अधिक विद्युत उत्पादन करता है, तो उसे सरकार द्वारा उसका अतिरिक्त भुगतान किया जाएगा।

### निजी नलकूपों का सोलराइजेशन कर रही यूपी सरकार

**चंदौली।** प्रदेश सरकार किसानों के निजी नलकूपों का सोलराइजेशन कर रही है। इसके लिए यूपी सौर ऊर्जा नीति 2022 के अन्तर्गत एमएनआरई, भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान प्रभावी रूप से अमल में लाया जाना है। कंपोनेंट-सी योजना के क्रियान्वयन हेतु पीएम कुसुम घटक सी-1 योजनांतर्गत प्रदेश में विभिन्न क्षमता के स्थापित निजी आनग्रिड पम्प का सोलराइजेशन किया जाना है। उक्त योजना के तहत केन्द्र सरकार द्वारा लागत का 30 प्रतिशत एवं राज्य सरकार द्वारा 60 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इस प्रकार कुल अनुदान 90 प्रतिशत अनुमन्य किया जा रहा है।

### जिलाधिकारी ने जलजीवन मिशन के तहत बन रही पानी टंकी का किया निरीक्षण

# निर्माण में खामियां पर बिफरे डीएम

■ एक्सईएन जलनिगम से पूछताछ कर दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश

**केटी न्यूज/चंदौली**





समुदपुर गांव में जलजीवन मिशन के तहत बन रहे पानी टंकी का निरीक्षण बुधवार को जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने किया। निरीक्षण के दौरान खामियां देख नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने एक्सईएन जलनिगम राकेश कुमार से पूछताछ कर दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। शासन के निर्देश पर जलजीवन मिशन के तहत गांव गांव में पानी टंकी व कनेक्शन का निर्माण कराया जा रहा है। समूदपुर में बन रहे टंकी का निर्माण का निरीक्षण जिलाधिकारी ने किया। इस दौरान पम्प हाउस को देखकर फिनिशिंग की गुणवत्ता पर कंस्ट्रक्शन कम्पनी के विशाल राय से सवाल किया।

छत पतला व टेढ़ा था। संतोषजनक जवाब न मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे अच्छा तो गांवों में प्रधान द्वारा सरकारी भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने जलनिगम के एक्सईएन राकेश कुमार से मानक की फाइल देखी । फिर गांवों में कनेक्शन देखने की बात कही । कड़ी धूप में ठेकेदार द्वारा दस घरों तक कनेक्शन न दिखा पाने पर जिलाधिकारी भड़क गये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि केवल इधर से उधर तुम लोग घुमा रहे हो। यहां दस घर घूमने के बाद भी कनेक्शन नही किया गया। नाराजगी व्यक्त करते हुए पम्प हाउस, टँकी की मानक, गांव में पानी का कनेक्शन न मिलने पर दंडात्मक कार्यवाही का निर्देश दिया। इस दौरान साथ मे मुख्य विकास अधिकारी भी उपस्थित थे।

### जखनियां का रेलवे पार्क बदहाल

**गाजीपुर।** जखनियां रेलवे स्टेशन परिसर में बना पार्क बदहाल होकर खुला शौचालय का दे रहा परिचय। मालूम हो कि रेल राज्य मंत्री रहे मनोज सिन्हा द्वारा जखनियां रेलवे परिसर में यात्रियों की सुविधा को देखते हुए भव्य पार्क निर्माण कराकर चेयर, लाइट, फौव्वारा, आकर्षक पौधे,फूल लगाकर बेहतर तो बनाया गया, लेकिन जखनियां के लोगों के लिए यह पार्क दुर्लभ रह गया। आज तक यह पार्क 2018 से उद्घाटन का इंतजार करते-करते खुला शौचालय की ओर चला गया। आज इस पार्क में बड़े बड़े झाड़ी उग गए। इसी पार्क में पैर रखना दुश्वार हो गया है। जबकि जखनियां में तहसील ,ब्लॉक सहित दर्जनों शैक्षिक प्रतिष्ठान होने से यात्रियों का आना - जाना बराबर लगा रहता है। यात्रियों को ट्रेन का इंतजार कर बाहर भ्रमण करना पड़ता है। इस पार्क को लेकर बीजेपी नेता प्रमोद वर्मा ने रेल मंडल प्रबंधक को पत्रक देकर पार्क को चालू कराने की मांग की।

### शिक्षामित्रों ने लखनऊ में 18 को होने वाले धरना के लिए बनाई रणनीति

**चकिया (चंदौली)।** इलिया क्षेत्र की बेन ग्राम स्थित प्राथमिक विद्यालय पर बुधवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा में संघ ब्लॉक इकाई शहाबगंज की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महेन्द्र सिंह ने किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि मण्डल अध्यक्ष वाराणसी भूपेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित हुए। बैठक को सम्बोधित करते हुए मण्डल अध्यक्ष वाराणसी भूपेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि सरकार ने हम लोगों को स्थाई करने का वादा किया था, लेकिन अभी तक हम लोग वहीं के वहीं हैं। जिसके लिए हम सभी लोग 18 अक्टूबर को लखनऊ में अपनी मांगों को लेकर पूरे जोश के साथ चलना है। उन्होंने सभी शिक्षामित्रों से भी अपील किया कि हमें अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ धरना स्थल पर पहुंचना है। उन्होंने कहा कि हम अपने हक और हुकूक के लिए लड़ते रहेंगे जब तक समस्त शिक्षामित्रों को न्याय नहीं मिल जाएगा तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा।वही ब्लॉक अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि शिक्षामित्र इस समय विकट परिस्थितियों से जूझ रहा है।वह सहायक अध्यापक के बराबर तो काम कर रहा है।

### काशी क्षेत्र में होने वाले दलित महा सम्मेलन की तैयारी में जुटी भाजपा



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

भाजपा की डबल इंजन सरकार देश और प्रदेश का बेहतर विकास कर रही है।भय, भूख, भ्रष्टाचार को समाप्त करने की दिशा में हमारी सरकार जाति-धर्म से ऊपर उठकर कार्य कर रही है।यह बातें प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने क्षेत्र के? चंवर गांव में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से संचालित किए जा रहे दलित बस्ती सपंर्क अभियान के तहत आयोजित जनचौपाल में कही। कहा कि भाजपा सरकार में अनुसूचित जाति के लोग हर क्षेत्र में उन्नति कर रहे हैं। पहले सामान्य विकासात्मक कार्यक्रमों में अनुसूचित जातियों को मिलने वाला लाभ नहीं मिल पा रहा था, लेकिन केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने से बिना भेद-भाव किए अनुसूचित जातियों को मिलने वाला लाभ बराबर मिल रहा है। अनुसूचित जातियों के जीवन स्तर उठाने वाले सभी उपाय भाजपा सरकार कर रही है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है। सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि इन दोनों दलों के पास सिर्फ बयानबाजी के अलावा कुछ और बचा ही नहीं है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपने को साकार कर रही भाजपा से इनकी बेचैनी बढ़ रही है।

# धनुष मुकुट पूजन के साथ आरंभ हुई हरिशंकरी की अति प्राचीन रामलीला

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



अति प्राचीन रामलीला कमेटी हरिशंकरी के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धनुष मुकुट पूजन के साथ रामलीला का शुरूआत किया गया। धनुष मुकुट का पूजन मुख्य अतिथि सदर एसडीएम प्रखर उत्तम व क्षेत्राधिकारी गौरव कुमार द्वारा धनुष मुकुट का विधि विधान के साथ पूजन आरती किया गया। इसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, भाजपा के संतोष कुमार तथा कमेटी के मंत्री ओमप्रकाश तिवारी, संयुक्त मंत्री लक्ष्मी नारायण उपमंत्री लवकुमार त्रिवेदी प्रबन्धक, वीरेश राम वर्मा, उपप्रबन्धक मयंक तिवारी, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार अग्रवाल, अशोक अग्रवाल ने पूजन आरती किया।

इसके बाद वंदे वाणी विनायकौ आदर्श श्री रामलीला मण्डल के द्वारा नारद मोह व श्रीराम जन्म लीला का मंचन किया गया। बताते हैं कि एक समय देवर्षि नारद एक गुफा के अंदर भगवान के तपस्या लीन हो गये। जब इन्द्र को पता चला कि देवर्षि नारद हमारे राज सिंहासन को पाने के लिए तपस्या कर रहे है। अतः वह डरकर अपने मित्र कामदेव को बुलवाते है तथा उन्हें आदेश देते हैं कि आप अपसराओं के साथ नारद जी का तपस्या भंग करने तपस्थली पर जाये, जिससे हमारा राजसिंहासन बच सके, देवराज इन्द्र की आज्ञा का पालन करते हुए कामदेव नारद ऋषि के तपस्या को भंग करने के लिए उनके पास पहुँच गये तथा काफी प्रयत्न किया बावजूद इसके नारद जी पर उनका कोई असर नही पड़ा। अन्त में हारकर नारद जी चरणों में गिरकर दण्डवत प्रणाम करके वापस देवराज इन्द्र के पास चले जाते है, अब नारद जी को यह आभास होता है कि मैंने कामदेव पर विजय प्राप्त कर लिया। इस बात का उन्हें मोह पैदा हो गया। वे अहंकार में चूर हो करके ब्रम्हा और महेश के पास पहुँचकर कामदेव पर विजय प्राप्त करने की सूचना दोनो देवताओं को देते है।

### अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन, एसपी ने किया जागरूक

# अपने अधिकारों को जानें व सशक्त बनें छात्राएं

**केटी न्यूज/चंदौली**



अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बालिकाओं व छात्राओं को उनके अधिकार और महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया। महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया। अपराधों की रोकथाम, महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा एवं जागरूकता के दृष्टिगत चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस दौरान एसपी डा. अनिल कुमार ने बताया कि जनपद के समस्त थानों में नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारी (शक्ति दीदी) द्वारा क्षेत्र एवं स्कूलों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं शक्ति मोबाइल, महिला हेल्पडेस्क, महिला साइबर सेल, मातृत्व को सम्बल, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मातृ वंदना योजना आदि के साथ-साथ महिला अपराध से सम्बन्धित धाराओं एवं उनकी प्रक्रिया, विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में अवगत कराया गया। कार्यशाला में एएसपी विनय कुमार सिंह, चिकित्साधिकारी डा.मृदुला, डीपीओ प्रभात कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर रामवीर सिंह, सदस्य बाल कल्याण समिति धर्मेन्द्र सिंह, दीक्षा अग्रहरि, किशन वर्मा, ज्ञान प्रकाश उपस्थित रहे।

### ग्राम्या संस्थान ने किया जागरूकता कार्यक्रम

बुधवार को डीएमए प्रोजेक्ट के तहत ग्राम्या संस्थान एवं महिला कल्याण विभाग की ओर से कृषि विज्ञान केन्द्र सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका शुभारम्भ समारोह के मुख्य अतिथि अपर जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं आमंत्रित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित किशोरियों के एक छोटे समूह के स्वागत गीत प्रस्तुति एवं पुष्पगुच्छ देकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। ग्राम्या संस्थान की प्रमुख बिन्दु सिंह ने कहा कि आज लड़कियों के समक्ष कई चुनौतियां हैं जिनमें अशिक्षा, खराब स्वास्थ्य, कुपोषण, जेण्डर आधारित भेदभाव के कारण उनका समुचित प्रतिनिधित्व की चुनौती है।

### ट्यूबवेल टेक्निकल एंप्लाइज के सदस्यों ने दिया धरना, किया प्रदर्शन

**चंदौली।** ट्यूबवेल टेक्निकल इंप्लाइज एसोसिएशन की ओर से बुधवार को मुख्यालय स्थित नलकूप उपखंड कार्यालय पर धरना दिया। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की और तत्काल सरकार से मांग किया कि 17 सूत्री मांगों को पूरा किया जाए। अगर सरकार ने विचार नहीं किया तो हम कर्मचारियों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। अध्यक्ष विनोद सिंह ने कहा कि संघ की ओर से विभिन्न जलन समस्याओं को लेकर कई बार पत्राचार और मांगों को लेकर सरकार को अवगत कराया गया,लेकिन आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसका खामियाजा आज कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। तकनीकी पर्यवेक्षक सेवन नियमावली 2018 को अति शीघ्र प्रख्यापित कराया जाए जिससे तकनीकी सोमवार कि भारतीय और विभागीय कार्य में तत्परता आ सके।

## एक नजर

### छात्राओं ने पेंटिंग के माध्यम से किया जागरूक



**चंदौली।** राज्य पेयजल तथा स्वच्छता मिशन द्वारा स्वच्छता व जल संरक्षण जागरूकता के लिए बुधवार को बबुरी स्थित हटिया ग्राम सभा के सरकारी स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । स्वच्छता विषयक प्रतियोगिता हटिया स्कूल बबुरी के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया । जिसमें अमृता भारती कक्षा 4 ने प्रथम , गोबिंदा कक्षा 4 ने द्वितीय ,तथा सिवानी कक्षा 5 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । कार्यक्रम की प्रशिक्षिका रंधा ने बच्चों को स्वच्छता के लिए शपथ दिलाया तथा स्वच्छता क्लब के लिए चयनित बच्चों को उनके दायित्व समझाए । प्रतियोगिता के संयोजक राजेश यादव ने प्रतियोगिता में सफल बच्चों को पुरस्कृत किया । इस मौके पर राजेश यादव, रंधा,रिसोर्स पर्सन,प्रिंशू बाजपेयी कोआर्डिनेटर, प्रियांशु कैमरा मैन व विद्यालय परिवार के लोग उपस्थित रहे।

### आईजीआरएस पोर्टल : सादात थाने को मिला प्रथम स्थान, नौ पुलिसकर्मी पुरस्कृत



**गाजीपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र वाराणसी द्वारा पिछले माह उत्तर प्रदेश आईजीआरएस पोर्टल पर थाना सादात ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक वाराणसी ने थानाध्यक्ष दिलदारनगर सहित कुल नौ पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया।

### एसडीएम ने पूजा समितियों से की अपील... शांति व आपसी सद्भाव के साथ मनाएं दुगार्पूजा



**चंदौली।** आगामी त्योहार ,नवरात्र, दशहरा को लेकर बुधवार को सदर कोतवाली में एसडीएम दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगर के पूजा समिति सहित क्षेत्र के अन्य दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। एसडीएम ने सभी से दुगार्पूजा त्यौहार को पूरे सतर्कता एवं सजगता व आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए अपील किया। उन्होंने कहा कि कहा कि सभी पंडालों में अग्नि समन यंत्र की व्यवस्था अवश्य करेंगे किसी कमेटी द्वारा कोई नया काम नही किया जाएगा। शराब पीकर कोई भी पूजा पंडाल मेले अथवा आसपास क्षेत्र में भ्रमण करता पकड़ा गया। तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की एक्टिव टीम मेला सहित आसपास के क्षेत्रों में सादे ड्रेस में निरंतर भ्रमणशील रहेंगी। कमेटी को लोग छोटी-छोटी बातों को आपसी समझ बूझ के साथ निपटारा कर लेंगे। कहा कि सभी मूर्ति कमेटियां अपनी कमेटी के लिए आवश्यकता अनुसार वालेंटियर बनाकर उनकी सूची थाने में उपलब्ध करा दें। नवरात्र मेले से लेकर विसर्जन जुलूस तक अगर कोई परेशानी हो तो आप पुलिस-प्रशासन को बताएं। उसका निदान तत्काल किया जाएगा। लाउस्पीकर का वैल्यूम भी न्यायालय द्वारा तय सीमा के अन्दर रखा जाएगा। मूर्ति कमेटी के सदस्यों ने नगर में फैले और नीचे लटके विद्युत तारों पर एसडीएम का ध्यान आकृष्ट कराया। जिस पर एसडीएम ने कहा कि बिजली विभाग को इसकी सूचना देकर समय रहते इसे ठीक करा लिया जाएगा। इस दौरान सीओ रामवीर सिंह, थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, मौजूद रहे।

### बाल कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, ऐरा खुर्द बनी विजेता



**गाजीपुर।** भुडकुड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा पखनपुर , जौहरपुर में हर साल की तरह इस वर्ष भी बाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता 10 अक्टूबर को प्रारंभ होकर 11 अक्टूबर को सुबह समाप्त हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान पीजी कॉलेज फूलपुर के प्रधानाचार्य अंकुर सिंह रहे। अंकुर सिंह ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए खेल का शुभारंभ किया। जिसमें खिलाड़ियों ने अपने दमखम का परिचय दिया। यह खेल डे- नाईट होने पर आए हुए खिलाड़ियों की प्रबंधक द्वारा उचित व्यवस्थाएं की गई थी। वहीं फाइनल में आई विजेता टीम को मुख्य अतिथि द्वारा अंग वस्त्र, मेडल, ट्रॉफी एवं नगद रुपये देकर सम्मानित किया गया। जबकि प्रथम स्थान ऐरा खुर्द और द्वितीय सदरजहापुर व तृतीय बुढ़ानपुर रही। इस प्रतियोगिता के अध्यक्ष नीरज उपाध्यक्ष पंकज कुमार, खिलाड़ी गण, सोनू प्रदीप राजू ,नीरज , प्रशांत , बृजेश, जितेंद्र, सुनील, विपिन, बलवंत रहे। इस मौके पर ग्राम प्रधान संदीप जायसवाल , पप्पू कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### भाजपा का एक ही ध्येय है गरीबों का उत्थान एवं देश का विकास: रघुवंश सिंह पप्पू



**गाजीपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल जखनियां की प्रथम बैठक सनशाइन स्कूल पर सम्पन्न हुई। जिसमें काशी क्षेत्र में होने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति महासम्मेलन को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए जखनियां विधानसभा संयोजक रघुवंश सिंह पप्पू ने कहा भारतीय जनता पार्टी बिना भेदभाव के हर समाज के लिए काम करती है और समाज के हर तपके को अपने साथ लेकर चलती है। भाजपा का एक ही ध्येय है गरीब का उत्थान, देश का विकास। भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश राजभर ने कहा काशी क्षेत्र में अनुसूचित व जनजाति का महासम्मेलन होने जा रहा है। जिसमें हर मंडल से कार्यकर्ता जाएंगे। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा भाजपा सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास के संकल्प के साथ काम कर रही है। 2014 से पहले देश के हर गरीब के साथ पूर्वत की सरकारों ने छलावा किया था। वर्तमान में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समाज के शोषित, वंचित, दलित, आदिवासी भाइयों को अपना मकान, शौचालय, बिजली, पानी और निशुल्क अनाज प्राप्त हुआ है। वर्मा ने कहा भाजपा पूरे देश में भेदभाव मिटाकर समाज को एक पायदान पर लाने का प्रयास कर रही है।